दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। मंगलवार 15 जुलाई-2025 | वर्ष : 10 अंक : 206 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3









दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 15 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 206 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## सीएम योगी के सख्त निर्देश : कांवड़ यात्रा पर विघ्न डालने वालों पर रखें निगाह





### महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष निगरानी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। यात्रा में विघ्न डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के जुटने के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती हो। संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी की जाए। खुफिया तंत्र पूरी सक्रियता से कार्य करे, ताकि घुसपैठ या अराजकता की किसी भी कोशिश को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान श्रद्धा, मयार्दा और अनुशासन का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वह पवित्र नदियों से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करें। प्रशासन से पूर्ण सहयोग बनाए रखें।

# सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में रही भीड़

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन माह के पहले सोमवार पर गाजियाबाद के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने और बाबा भोलेनाथ की आराधना करने के लिए शिव भक्तों की शिवालयों पर लंबी-लंबी कतारें लगी। तो शहर से प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर से लेकर कवि नगर, राज नगर, गोविंदपुरम, चिरंजीव विहार, मोहन नगर, इंदिरापुरम, वसुंधरा से लेकर साहिबाबाद और सूर्य नगर के मंदिरों में लोगों ने भगवान भोले बाबा पर दूध, गंगाजल, शहद, घी, बेलपत्र ,पुष्प और प्रसाद अर्पित किया। साथ ही भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। तो यहां सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### मंदिर मार्ग पर रहा रूट डायवर्जन

करंट क्राइम : सावन के पहले सोमवार को लेकर यातायात व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर आने वाले मुख्य मार्ग पर रूट डायवर्जन किया गया था। इसके लिए नवयुग मार्केट, शंभू दयाल डिग्री कॉलेज और विजयनगर साइड पर वाहनों को पहले ही रोक दिया गया था ताकि जाम की स्थिति ना बने।



### जलाभिषेक के लिए लगी मंदिरों में लंबी लाइन

करंट क्राइम : सावन मास के पहले सोमवार पर जहां दूधेश्वरनाथ मंदिर में तो मोहन नगर प्राचीन मंदिर पर भी लोग जलाभिषेक करने पहुंचे। वहीं कवि नगर स्थित स्वय भू मंदिर में भी आसपास के लोग भोले बाबा का जलाभिषेक करने पहुंचे। इसके साथ ही गोविंदपुरम गौर अपार्टमेंट और चिरंजीव विहार से लेकर इंदिरापुरम शिव मंदिर और कौशांबी शिव मंदिर में भी जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

# डीसीपी सिटी जोन ने किया मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण

### सड़क पर जाना ट्रैफिक और सुरक्षा का प्लान

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** सावन मास कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने अब फील्ड पर उतरकर मॉनिटरिंग शुरू कर चुके हैं। सोमवार को उन्होंने मेरठ रोड स्थित कांवड़ मुख्य कंट्रोल रूम मेरठ रोड का निरीक्षण किया। साथ ही यहां लगे सीसीटीवी की जांच की, तो वहीं कांवड़ कंट्रोल रूम में मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसी भी संदिग्ध और किसी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल सूचना देने का निर्देश दिया गया है। वहीं उन्होंने इस दौरान कांवड़ रूट मार्ग पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों के ड्यूटी पॉइंट भी चेक किए।

### मेरठ रोड का भी डीसीपी ने किया निरीक्षण, एसीपी रहे साथ





**करंट क्राइम :** सोमवार को डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी धवल जयसवाल मेरठ रोड थाना नंदग्राम, थाना सिहानी गेट, कवि नगर, मधुबन बापूधाम क्षेत्र पर निरीक्षण के लिए निकले। तो इस दौरान उन्होंने नंदग्राम से निकलकर सिंहानी गेट, कवि नगर और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के अलग-अलग कट पर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा और मधुबन बापूधाम थानाध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान पुलिसकर्मियों को पूरी तत्परता और गंभीरता से ड्यूटी करने का निर्देश भी दिया गया है।

> "कांवड़ यात्रा को सफलता पूर्वक कराने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।
>
> **धवल जायसवाल, डीसीपी सिटी जोन**



# क्या नगर निगम के चार अधिकारियों ने कर दिया ट्रांसफर के लिये अप्लाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद जिले में तैनाती के लिये सिफारिश सुनी है, गाजियाबाद जिले में आकर कोई अधिकारी यहांसे जाना नहीं चाहता, लेकिन बताया जाता है कि नगर निगम के इन दिनों उल्टी गंगा बह रही है। नगर निगम के चार अधिकारी चाहते हैं कि उन्हें गाजियबाद नगर निगम से मुक्त कर दिया जाए। उन्हें किसी दूसरे जिले में तैनात कर दिया जाए। सूत्र बताते हैं कि ये किस्सा सियासी गलियारों से लेकर निगम के दफ्तरों में गूंज रहा है। जिस गाजियाबाद जिले में दूसरे जिलों के अधिकारी तैनाती पाना चाहते हैं उस गाजियाबाद जिले के नगर निगम विभाग से चार अधिकारी अब विदाई चाहते हैं। इन चार अधिकारियों ने नगर निगम से अपना तबादला दूसरे जिले में कराने के लिये अप्लाई कर दिया है।

ये चार अधिकारी ऐसे हैं जो अपना ट्रांसफर चाहते हैं। आखिर क्या वजह है कि नगर निगम के ये अधिकारी गाजियाबाद में पारी खेलना ही नहीं चाहते। बताया जाता है कि इसके पीछे पॉलिटिकल प्रेशर और वर्क लोड एक वजह है। ये चार अधिकारी कौन हैं इनका नाम भी तबादला सूची आते ही स्पष्ट हो जाएगा। नगर निगम वाले कुछ नाम जानते हैं, कुछ नाम जानने का प्रयास कर रहे हैं और ये चारों अधिकारी हैं कि लगातार अपने तबादले का प्रयास कर रहे हैं।

# 19वीं मंजिल से कूदकर लैंड क्राफ्ट सोसायटी में छात्रा ने दी जान, पुलिस जांच में जुटी

### कवि नगर थाना क्षेत्र का मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली लैंड क्राफ्ट गोल्फ लिंक सोसाइटी में रहने वाली आईएमएस कॉलेज बीटेक की छात्रा मानसी साहनी 19 ने सोमवार को सुबह 19वीं मंजिल से कूद कर जान दे दी। जैसे ही उसके आत्महत्या किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली, तो मौके पर कवि नगर पुलिस और फील्ड यूनिट पहुंची और मामले की पड़ताल शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मानसी साहनी के परीक्षा में नंबर काम आए थे, जिसकी वजह से वह तनाव में चल रही थी। इस मामले में एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा का कहना है कि शुरूआती जांच के बाद मामला आत्महत्या का नजर आ रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य पहलू भी जांच कर रही है।

### पढ़ाई को लेकर तनाव में थी छात्रा

करंट क्राइम : कवि नगर पुलिस लैंड क्राफ्ट गोल्फ लिंक सोसाइटी में आईएमएस कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी साहनी के मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मानसी के एग्जाम में नंबर कम आए थे। जिसको लेकर वह तनाव में चल रही थी। बताया जा रहा है कि सुबह वो अपने कमरे से उठी बालकनी में आई और फिर 19वीं मंजिल से कूद कर उसने जान दे दी। आसपास के लोगों को जैसे ही इस हादसे के बारे में पता चला तो वहां भीड़ जमा हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की जांच शुरु कर दी है।



# कांवड़ मार्ग : हादसों और हंगामा के बाद समय से पहले किया गया वन-वे

## 23 जुलाई तक कादराबाद बॉर्डर से लेकर मेरठ तिराहे तक एक मार्ग पर चलेंगे कांवड़िए और दूसरे पर वाहन

### - सोमवार दोपहर को लिया गया फैसला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा मार्ग पर बीते दो दिनों के दौरान हुए हादसों और हंगामा के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा मार्ग को वन-वे कर दिया गया है। सोमवार को आनन-फानन में अधिकारियों द्वारा दोपहर करीब 12 बजे से पहले ही मोदीनगर से लेकर मेरठ रोड तक तिराहे के मार्ग को वन-वे कर दिया गया। जिसके बाद सड़क पर जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने शुरू किया गया। तो देर शाम यातायात पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने भी 14 जुलाई से लेकर 23 जुलाई तक मेरठ आने वाली लेने को केवल कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दिया है। तो वहीं मोदीनगर थानाक्षेत्र के कादराबाद बॉर्डर से लेकर थाना नंदग्राम क्षेत्र के मेरठ तिराहे तक एक मार्ग पर कांवड़ और दूसरे मार्ग पर वाहन चलेंगे। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि यह कांवड़ियों की सुविधा के लिए किया गया है। वहीं आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अन्य मार्गों पर वाहनों के लोड को डायवर्ट करवाया जाएगा।







### समय से पहले हुआ वन-वे, लोग रहेंगे एक हफ्ते तक परेशान

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान हर वर्ष मार्ग वन-वे किया जाता है लेकिन इस बार कांवड़ यात्रा मार्ग पर हो रहे हादसों और हंगामे का सबक लेते हुए अधिकारियों और पुलिस के द्वारा ऐसा फैसला लिया गया है। हालांकि अभी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने स्कूलों की छुट्टी नहीं की है। जिससे अभिभावकों को शिक्षकों और शिक्षा संस्थान से जुड़े लोगों को परेशान होना पड़ेगा। तो वहीं जाम से भी कई दिनों तक जूझना पड़ेगा।

### क्या पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों में नहीं हुई आपस में बातचीत

करंट क्राइम : कांवड़ मार्ग वन-वे किए जाने के मामले को लेकर जब दैनिक करंट क्राइम ने जिलाधिकारी दीपक मीणा से बातचीत की, तो उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस द्वारा इस बार फैसला जल्दी लिया गया है। एक से दो दिन देखा जाएगा अगर असुविधा ज्यादा होगी, तो फिर स्कूलों की छुट्टी के आदेश या ऑनलाइन कक्षाएं चलाने का निर्देश दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लिए गए वन-वे के फैसले को लेकर चर्चा है कि क्या पुलिस और प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों और पुलिस के अधिकारियों के बीच बातचीत नहीं हुई थी, जो इतनी जल्दबाजी में इस तरीके का फैसला लेना पड़ा है।

### आने वाले दिनों में और बढ़ेगी कांवड़ियों की संख्या और पुलिस को लगाना पड़ेगा बल

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा में अभी उतना उत्साह, जोश और भीड़ नजर नहीं आ रही है लेकिन राजस्थान को जाने वाले कांवड़ियों की संख्या रोज बढ़ रही है। तो अभी हरिद्वार जल लेने वाले दिल्ली-एनसीआर के साथ ही लोकल और डाक कांवड़ वालों की जाने की रफ्तार कम है। कहा जा रहा है कि अभी आने वाले दिनों में शुक्रवार और शनिवार की रात से कांवड़ व जल लेकर आने व जाने वाले शिव भक्तों की संख्या में इजाफा होगा। जिसके बाद सभी मार्गों पर वाहनों का दबाव पड़ेगा। तो दोपहिया वाहन पर सवार होकर जाने वाले शिव भक्तों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिलेगा।

### सड़क पर उतरे एडीसीपी व एसीपी ट्रैफिक



करंट क्राइम : सोमवार को मार्ग वन-वे किए जाने से पूर्व ही कई प्रमुख स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। तो वाहनों का दबाव बढ़ने से मार्ग पर दोनों और लंबा जाम लग गया था। जाम को कम करने और यातायात स्थिति सामान्य करने के लिए खुद एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और एसीपी जियाउद्दीन पुलिस बल के साथ उतरे और कई स्थानों पर जाम खुलवाने के बाद मार्ग को वन-वे करने का काम शुरू कर दिया गया था।




# देशभर के शिवालयों में लगे 'बोल बम-बम...' के जयकारे

## सावन का पहला सोमवार : काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, महाकाल...में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**भारी भीड़ और बढ़ती धार्मिक गतिविधियों को देखते हुए, भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए राज्य और स्थानीय प्रशासन के पुलिस बलों की जगह-जगह व्यापक व्यवस्था रही। लोगों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन निगरानी और रणनीतिक पुलिस तैनाती के माध्यम से निगरानी भी बढ़ा दी गई थी।**




**नई दिल्लीः** सावन के पहले सोमवार को देशभर के शिव मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही कांवड़िये मंदिरो में पहुंचते रहे और दिनभर शिवलिंग का जलाभिषेक चलता रहा। शिवभक्तों ने जल, फूल, भांग, दूब, धूप से बाबा का श्रृंगार किया। शिवभजनों और भोलेनाथ के जयकारे से मंदिर प्रांगण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। भारी भीड़ और बढ़ती धार्मिक गतिविधियों को देखते हुए, भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए राज्य और स्थानीय प्रशासन के पुलिस बलों की जगह-जगह व्यापक व्यवस्था रही।

लोगों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन निगरानी और रणनीतिक पुलिस तैनाती के माध्यम से निगरानी भी बढ़ा दी गई थी। काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर से लेकर मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर और गुवाहाटी के शुक्रेश्वर मंदिर तक, श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



**उधमपुर के देविका मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना :** जम्मू-कश्मीरः सावन माह के पहले सोमवार को उधमपुर के देविका मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

**बिहारः राजधानी पटना में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब :** पटना में सावन माह के पहले सोमवार को शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और जलाभिषेक कर रहे हैं।

**महाकाल में ऐसे हो रहा जलाभिषेक :** उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शनार्थियों को श्री महाकाल महालोक के नंदी द्वार से प्रवेश दिया जा रहा है। यहां से श्रद्धालु मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से महाकाल टनल के रास्ते मंदिर परिसर से होते हुए कार्तिकेय व गणेश मंडपम से भगवान महाकाल के दर्शन कर रहे हैं। वे निर्माल्य द्वार और नए आपातकालीन द्वार से बाहर निकल रहे हैं। जल अर्पण की व्यवस्था श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप और कार्तिकेय मंडपम में जलपात्र के माध्यम से है। शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों को गेट नंबर 1 ही प्रवेश दिया जा रहा है।

**ग्वालियर के अचलेश्वर मंदिर में बाबा का जलाभिषेक कर रहे शिवभक्त :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सावन माह के पहले सोमवार को अचलेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा-अर्चना की। यहां बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

**गुवाहाटीः शुक्रेश्वर मंदिर में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालु :** गुवाहाटी में सावन माह के पहले सोमवार को पूजा-अर्चना के लिए शुक्रेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

**पवित्र सावन माह के पहले सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी :** वाराणसी, उत्तर प्रदेशः पवित्र सावन माह के पहले सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी हुई हैं।

### भगवान शिव के ससुराल हरिद्वार में भी उमड़े श्रद्धालु



सावन का पहले सोमवार को हरिद्वार में भारी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक कर रहे हैं। मान्यता है कि भगवान शिव सावन में पूरे महीने अपने ससुराल कनखल स्थित दक्षेश्वर प्रजापति में ही निवास करते है और यहीं से सृष्टि का संचालन और लोगों का कल्याण करते है, ऐसे में भगवान शंकर का जलाभिषेक किया जाए तो वे प्रसन्न होते है और वे सभी मुरादें पूरी करते है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने बताया कि भगवान शंकर ने दक्षेश्वर महादेव के रूप में एक माह स्वयंभू लिंग के रूप में रहने का वचन दिया था और सावन में उनके द्वारा किये गए वायदे के अनुरूप भगवान शंकर दक्षेश्वर महादेव यानी अपनी ससुराल हरिद्वार में रहते है। उन्होंने बताया, शिव को सावन में खासकर, सोमवार के दिन जलाभिषेक करने से जल्द ही प्रसन्न हो जाते है। सोमवार को गंगा जल ,दूध, दही शहद, बूरा-धतूरा, घी,भांग आदि से अभिषेक करने का महत्व है।श्रावण नक्षत्र में ही मां गंगा भगवान शिव की जटाओं में आई थी, इसलिए भगवती गंगा के जल से महादेव के अभिषेक का विशेष महत्व है।

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ : उत्तर बिहार के देवघर कहे जाने वाले बाबा गरीब नाथ मंदिर में सावन की पहली सोमवारी को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमरी है। श्रद्धालु देर रात से ही बाबा गरीबनाथ पर जलाभिषेक कर रहे हैं। पहलेजा से जल लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मुजफ्फरपुर पहुंचे हैं। बाबा गरीब नाथ मंदिर में एक बार फिर से इस बार अरघा लगाया गया है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु जलाभिषेक कर पा रहे हैं। भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है वहीं मंदिर के पुजारी अभिषेक पाठक ने बताया कि आज करीब एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया हैं।

**लाल किले के सामने प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर के बाहर शिव भक्तों का तांता :** पुरानी दिल्ली में लाल किले के सामने प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर के बाहर सोमवार अहले सुबह से शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है। लोग मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए दूर-दूर से पहुंच रहे हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी केजीएमयू को 941 करोड़ की सौगात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में सोमवार को 941 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने 92 बेड के कार्डियोलॉजी आईसीयू भवन और 340 बेड के ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 300 बेड की क्षमता वाले जनरल सर्जरी विभाग के नए भवन, 500 बेड वाले ट्रामा-2 भवन, नए प्रशासनिक भवन, 450 बिस्तरों की क्षमता वाला पांच मंजिला डायग्नोस्टिक सेंटर और 14 नए कमरों वाले गेस्ट हाउस शिलान्यास भी किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद और प्रो केके सिंह मौजूद रहे

केजीएमयू के आठ मंजिला सेंटर फॉर आथोपैडिक्स एवं सुपर स्पेशियालिटी भवन में एक छत के नीचे डॉक्टर की सलाह, जांच व भर्ती होगी। लगभग 86 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस भवन में कुल 340 बेड होंगे। जिसमें 24 प्राइवेट रूम शामिल हैं। 24 आईसीयू बेड हैं। आठ ऑपरेशन थिएटर हैं। आठ ओपीडी रूम हैं। आथोपैडिक्स सर्जरी, पीडियाट्रिक आथोपैडिक्स, स्पोर्ट मेडिसिन विभाग हैं। बोन बैंक के लिए भी स्थान तय है। रेडियोडायग्नोसिस व पैथोलॉजी सेंटर भी है। सिटी स्कैन, एक्सरे मशीन लग गई है। सस्ती दवाओं के लिए एचआरएफ काउंटर है। यहां आर्थोप्लास्ट, नी-हिप रिप्लेसमेंट आधुनिक सुविधा है।




**हड्डी का एक छत के नीचे होगा पूरा इलाज**

**500 बेड ट्रॉमा टू का शिलान्यास :** मुख्यमंत्री गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए ट्रॉमा टू का शिलान्यास करेंगे। इसमें 500 बेड होंगे। इसमें घायलों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जाएगा। जबकि पुराने ट्रॉमा सेंटर में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। पेसेन्ट यूटिलिटी काम्पेक्स भी बनेगा। इन पर करीब 296 करोड़ रुपए की लागत से ट्रॉमा-2 तैयार किया जाएगा। मौजूदा समय में ट्रॉमा सेंटर में करीब 466 बेड हैं। प्रदेश भर से मरीज आ रहे हैं। बेड फुल होने की दशा में मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं।

**300 बेड होंगे जनरल सर्जरी विभाग में :** मुख्यमंत्री जनरल सर्जरी विभाग का नवीन भवन का शिलान्यास करेंगे। 9.62 एकड़ में तैयार होने वाली बिल्डिंग में 300 बेड होंगे। रोबोटिक सर्जरी की सुविधा होगी। 315 करोड़ रुपए की लागत का अनुमान है। 11 मंजिला भवन बनेगा। 12 ऑपरेशन थिएटर होंगे।

जिसमें एक एडवांस रोबोटिक सर्जरी की ओटी, 11 माड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे। इसमें छह ओटी लैप्रोस्कोप सिस्टम से लैस होंगी। भवन में ऑडिटोरियम समेत अन्य सुविधाएं होंगी। 48 करोड़ रुपए की लागत से नवीन प्रशासनिक भवन बनेगा।

# अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की घर वापसी

## आज एक्सिओम-4 का स्पैलशडाउन

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष मिशन में एक ऐतिहासिक क्षण और सामने आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताए, अब धरती पर वापसी के लिए तैयार हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी सोमवार शाम से शुरू होगी। यह मिशन भारत सहित हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है।

शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम सोमवार को दोपहर करीब दो बजे पर ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होंगे। अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग शाम 4:35 बजे टीएसटी पर होगी। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22.5 घंटे की यात्रा के बाद यानी मंगलवार दोपहर 3:01 बजे टीएसटी पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और उसमें किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी।




**इसरो ने 550 करोड़ रुपये खर्च कर भेजा था अंतरिक्ष**

ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से अलग होने के बाद कुछ इंजिन बर्न करेगा ताकि वह खुद को स्टेशन से सुरक्षित दूरी पर ले जा सके। इसके बाद वह पृथ्वी के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करेगा। इस दौरान उसका तापमान 1,600 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दो चरणों में पैराशूट खुलेंगे पहले 5.7 किमी की ऊंचाई पर स्टेबलाइजिंग चूट्स और फिर लगभग दो किमी पर मेन पैराशूट खुलेंगे, जिससे स्पेसक्राफ्ट की सुरक्षित लैंडिंग संभव होगी।

रविवार को आएसएस पर एक्सपीडिशन-73 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक्सिओम-4 मिशन दल के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। इस मौके पर शुभांशु शुक्ला ने कहा कि जल्दी ही धरती पर मुलाकात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस यात्रा की शुरूआत में इतना कुछ अनुभव होगा, इसकी कल्पना नहीं थी। यह यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय रही।

शुक्ला ने अंतरिक्ष से भारत की तस्वीर पर बात करते हुए कहा कि साल 1984 में राकेश शर्मा ने जो भारत देखा, उसके बाद अब हम देख रहे हैं कि आज का भारत महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा हुआ दिखता है।

# सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आज नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने मामले में 29 जुलाई को फैसला सुनाने के लिए तारीख तय की है।

इससे पहले बीती सुनवाई को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में कहा था कि कांग्रेस पार्टी को दान देने वालों के साथ धोखाधड़ी की गई। ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर कोई नियंत्रण नहीं था। उन्होंने कहा कि एजेएल ही नेशनल हेराल्ड का मूल प्रकाशक है और इसे गांधी परिवार नियंत्रित करता रहा है। मामले में अगली सुनवाई 14 जुलाई तय की गई थी।



**ईडी का कांग्रेस नेताओं पर है ये आरोप :** इस केस में प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और प्राइवेट कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। एऊका दावा है कि यंग इंडियन कंपनी ने धोखाधड़ी से एजेएल की करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा किया।

# सावधान ! धूम्रपान नहीं, वायु प्रदूषण से भी बढ़ रहा फेफड़ों का कैंसर

## शोध में खुलासा, जिन्होंने कभी सिगरेट नहीं छुई, उनके फेफड़ों में भी पाए जा रहे म्यूटेशन

**नई दिल्ली।** अब सिर्फ धूम्रपान ही नहीं, वायु प्रदूषण और कुछ पारंपरिक हर्बल दवाएं भी इंसान के डीएनए को इतना नुकसान पहुंचा रही हैं कि फेफड़ों में ट्यूमर बनना शुरू हो जाता है। ताजा अध्ययन में जिन लोगों ने कभी सिगरेट नहीं छुई, उनके फेफड़ों में भी ऐसे म्यूटेशन पाए जा रहे हैं। खास बात यह है कि प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के ट्यूमर में यह म्यूटेशन अधिक मात्रा में मिले हैं।

म्यूटेशन से तात्पर्य है डीएनए अनुक्रम (जेनेटिक कोड) में होने वाला स्थायी परिवर्तन। यह परिवर्तन कोशिकाओं के भीतर जीन की संरचना को प्रभावित करता है, जिससे प्रोटीन बनने की प्रक्रिया में गड़बड़ी हो सकती है। म्यूटेशन स्वाभाविक रूप से हो सकता है या बाहरी कारकों जैसे वायु प्रदूषण, धूम्रपान, रेडिएशन या रसायनों के संपर्क से भी हो सकता है।




इसकी वजह से कैंसर जैसी घातक बीमारियां भी हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार फेफड़ों का कैंसर अब केवल धूम्रपान करने वालों की बीमारी नहीं रहा। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन डिएगो और नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट (एनसीआई) द्वारा किए गए एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया है कि नॉन-स्मोकर्स में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसका सीधा संबंध वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय कारकों से जुड़ा है। यह शोध नेचर पत्रिका में प्रकाशित हुआ है और इसके निष्कर्ष वैश्विक स्वास्थ्य नीति और शहरी नियोजन के लिए चेतावनी की घंटी की तरह हैं।

**सेकंड हैंड स्मोक से अधिक घातक :** सेकंड हैंड स्मोक यानी परोक्ष रूप से धूम्रपान के धुएं का संपर्क कैंसर म्यूटेशन का उतना मजबूत कारण नहीं है, जितना वायु प्रदूषण है। शोध में पाया गया कि जो लोग स्वयं धूम्रपान नहीं करते थे लेकिन सेकंडहैंड स्मोक में रहते थे, उनके ट्यूमर में केवल हल्के बदलाव हुए।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# लगा दिया ललित जायसवाल ने अतुल गर्ग के नाम पर ऑब्जेक्शन!




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मामला शहर की सबसे प्रतिष्ठित और हाईप्रोफाइल रामलीला से जुड़ा है। मामला शहर के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों से जुड़ा है। मामला भाजपा से जुड़ा है और मामला दो दोस्तों से भी जुड़ा है। यहां पर मामला तब चर्चा में आ गया जब एक के नाम पर दूसरे ने ऑब्जेक्शन लगा दिया। बात बाहर आई है और किस्सा शहर में गूंज रहा है। बताया जाता है कि कविनगर रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई। इस बैठक को समिति के अध्यक्ष के तौर पर ललित जायसवाल संबोधित कर रहे थे। मेले की तैयारियों को लेकर बैठक थी, मेले की जिम्मेदारियों को लेकर बैठक थी और इस तरह से ये माना जाए कि रामलीला वाले मैच के लिये टीम के कप्तान के तौर ललित जायसवाल प्रत्येक खिलाड़ी की पोजीशन तय कर रहे थे।

किसको क्या जिम्मेदारी निभानी है और कौन क्या पद संभालेगा इस पर चर्चा हो रहीथी। कार्यकारिणी की बैठक गायत्री मंत्र से शुरू हुई और चाय-नाश्ते वाले इंटरवल के साथ गायत्री मंत्र पर ही समाप्त हुई। कार्यकारिणी की बैठक में भूमि पूजन की तिथि तय हुई और ये तय हो हुआ कि 17 अगस्त को कविनगर रामलीला कमेटी द्वारा भूमि पूजन किया जाएगा। सब कुछ सामान्य गति से चल रहा था, लेकिन बताया जाता है कि यहां एक नाम ऐसा आया कि पूरे हॉल में सन्नाटा छा गया।

नाम आते ही कुछ ऐसा हो गया कि सब खामोश हो गए। सूत्र बताते हैं कि अध्यक्ष ललित जायसवाल सभी कार्यकारिणी सदस्यों की जिम्मेदारी तय कर रहे थे। तभी किसी ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का नाम लिया। नाम के साथ सम्मान के रूप में उन्हें रामलीला कमेटी का संरक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव रखा।

उम्मीद ये थी कि यह नाम आते ही अध्यक्ष सहर्ष सहमति देंगे और सर्वसम्मति से ध्वनी मत से यह प्रस्ताव पास हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और होल में सन्नाटा तब छा गया जब अध्यक्ष ललित जायसवाल ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के नाम पर ऑब्जेक्शन लगा दिया। अब किसी को उम्मीद नहीं थी कि ऑब्जेक्शन अध्यक्ष स्तर से लगेगा। लिहाजा सब एक-दूसरे का मुंह देखने लगे और सबको सौदागर पिक्चर याद आ गई। सबको यह एहसास हो गया कि मामला अभी ठीक नहीं है। ललित जायसवाल और अतुल गर्ग की कैमिस्ट्री को सभी लोग जानते हैं, लेकिन दोनों के बीच जो कुछ घटित हुआ है उसकी मिस्ट्री को अभी कम लोग जानते हैं। यहां किसी ने साहस के साथ अध्यक्ष ललित जायसवाल से ऑब्जेक्शन का कारण पूछ लिया।

तब कमेटी अध्यक्ष ललित जायसवाल ने तर्क दिया कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कविनगर में रहते है, लेकिन कविनगर रामलीला कमेटी के प्राथमिक सदस्य भी नहीं है। उनका कहना था कि जो व्यक्ति रामलीला कमेटी का सदस्य भी नहीं है उस व्यक्ति को हम किस आधार पर रामलीला कमेटी का संरक्षक बना सकते हैं। यहां पर देने वालों ने तर्क दिया कि भले ही अतुल गर्ग रामलीला कमेटी के सदस्य नहीं है, लेकिन वो लोकसभा सदस्य हैं। वो कविनगर में रहते हैं और हम उन्हें कमेटी की तरफ से सम्मान के तौर पर संरक्षक का पद दे रहे हैं। इस तर्क ने अपना वर्क किया और फिर कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने तत्काल ही लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के नाम सहमति जता दी। अब यहां सहमति तो हो गई, लेकिन चर्चा सहमति से ज्यादा ऑब्जेक्शन की हो रही है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि जिस नाम पर कभी सहमति की जरूरत ही नहीं पड़ी अब ऐसा क्या हुआ कि उस नाम पर ऑब्जेक्शन पहले लगा और सहमति बाद में आई। इस सीन को प्रत्यक्ष रूप से देखने वाले बता रहे हैं कि सहमति देते हुए ललित जायसवाल के चेहरे पर एक्सप्रेशन ऐसे थे जैसे वो सहमति अनमने मन से दे रहे हों।

# नगर निगम में हो रहा है विरोध का नया अखाड़ा तैयार कभी भी हो सकती है मिनट्स को लेकर तकरार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम इन दिनों बैठकों के दौर से गुजर रहा है। हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी हो गई और इस बढ़ोत्तरी के विरोध में निगम पार्षदों ने निगम में बैठक की। जब पार्षद एकजुट हो गए तो मेयर ने ऐलान किया और नगर निगम की विशेष बोर्ड बेठक 30 जून को हुई। इसके बाद ये सस्पेंस बन गया कि जिस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से बताया जा रहा है उस प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम की बैठक में कर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव निरस्त हुआ है या स्थगित हुआ है।

मामले ने तूल जब पकड़ा जब निगम अधिकारियों की तरफ से करदाताओं को बढ़ी हुई राशि के बिल भेज दिये गये। पार्षदों ने मोर्चा खोला और स्थिति ये हुई कि खुद मेयर को आगे आकर इस मामले में इंटरफेयर करना पड़ा और उन्होंने कहा कि कोई बिल वृद्धि नहीं हुई है। उधर सूत्र बताते हैं कि नगर निगम के अधिकारी प्रस्ताव निरस्त वाले फैसले को अपनी हार के तौर पर ले रहे हैं और वो कभी शासन को भेजने की बात कह रहे हैं तो कभी 29 जुलाई को कोर्ट के फैसले की बात कह रहे हैं। भाजपा के तीन पूर्व पार्षदों, अनिल स्वामी, राजेंद्र त्यागी और हिमांशु मित्तल इस फैसले को लेकर कोर्ट में गए थे और जहां कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 29 जुलाई तय की है। यहां पर रार का नया अखाड़ा मिनट्स को लेकर तैयार हो रहा है। पूर्व पार्षदों ने 30 जून की बैठक के अगले दिन ही आशंका जता दी थी और मिनट्स मांगे थे।

इसके बाद नदिया पार के पार्षदों ने मिनट्स मांगे और पूर्व पार्षदों से लेकर मौजूदा पार्षदों का डाउट तब बढ़ गया जब बार-बार मांगने के बाद भी निगम की ओर से उन्हें मिनट्स नहीं मिल रहे थे। वो मिनट्स की डिमांड कर रहे हैं। सूत्र बताते है कि अब पार्षदों ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम में मिनट्स को लेकर नया अखाड़ा शुरू हो रहा है। पार्षद धरना देने की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार को नगर निगम में पार्षद पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दे दी। पार्षदों का कहना है कि जिस बैठक में कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और 100 पार्षद थे, उस बैठक में हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव 30 जून को सर्वसम्मति से निरस्त किया गया था।

उस बैठक के मिनट्स लेने के लिये चार जुलाई को कुछ पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल सदन सचिव अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर से मिला था और उनसे बोर्ड बैठक में हुई कार्यवाही की मिनट्स मांगी थी। उन्होंने कहा था कि दस दिन में मिनट्स दे देगे। सोमवार को पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव से मिला और उनसे मिनट्स की कॉपी मांगी। बताया जाता है कि सोमवार को भी अपर नगर आयुक्त ने मिनट्स देने के लिये समय मांगा। पार्षदों का डाउट अब बढ़ रहा है। सोमवार को उन्होंने साफ कर दिया कि 18 जुलाई को हम दोबारा आएंगे और जब तक हमें मिनट्स की कॉपी नहीं मिलेगी तब तक हम निगम से जाएंगे नहीं और यहां अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

## भाजपा के इन पार्षदों ने किया अनिश्चिकालीन धरने का ऐलान

**करंट क्राइम।** पार्षदों ने चार जुलाई को मिनट्स की कॉपी मांगी थी। अधिकारी ने दस दिन का समय मांगा और दस दि न बीतने के बाद जब पार्षद अधिकारी से मिले तो मिनट्स की कॉपी देने की बजाय अधिकारी ने फिर समय मांगा। पार्षदों ने चार दिन का अल्टीमेटम दिया और कहा कि 18 जुलाई को अगर मिनट्स की कॉपी नहीं मिली तो अनिश्चितकालीन धरना होगा। धरने का ऐलान भाजपा पार्षदों की ओर से हुआ है। जिन पार्षदों ने धरने का ऐलान किया उनमें नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य पार्षद नीरज गोयल, पार्षद पूनम सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा पार्षद गौरव सौलंकी, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद कुसुम मनोज गोयल, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद अजीत निगम, पार्षद कन्हैया लाल, और पार्षद संतोष राणा मौजूद रहे।

# कांवड़ शिविरों में ना हो हादसे, दमकल विभाग ने जारी की एडवाइजरी

## शिविर संचालकों को निर्देश, तीन मीटर से ऊंचा ना हो कांवड़ शिविर टैंट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए गाजियाबाद में अलग-अलग जगहों पर कांवड़ शिविर लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को लेकर पुलिस और यातायात पुलिस पहले ही तैयारी कर चुकी है। वहीं दमकल पुलिस ने कांवड़ आयोजकों के साथ बैठक कर उन्हें शिविर के लिए उपयुक्त सलाह और निर्देश दिए है। गाजियाबाद अग्निशमन विभाग भी कांवड़ यात्रियों के शिविरों को लेकर अपनी तरफ से कोई कोताही नहीं बरतनी चाहती है। इसी वजह से पुलिस कमियनरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में अग्निशमन विभाग की तरफ से एक-एक एफएसओ की तैनाती की गई है। ये अधिकारी कांवड़ शिविर आयोजकों के साथ समन्वय बनाकर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।







### कांवड़ शिविरों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था एवं बचाव हेतु सावधानियां

- किसी भी दशा में कांवड़ शिविर 03 मीटर से ऊँचाई का न लगाया जाए।
- कांवड़ शिविरों में भण्डारें का खाना बनाने के लिए रसोई को कांवड़ शिविर से अलग बनाया जाए।
- कांवड़ शिविर के चारों तरफ खुला स्थान होना चाहिए। कांवड़ शिविर से बाहर निकलने के लिए कम से कम दो रास्ते होने चाहिए, जिससे लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें।
- कांवड़ शिविर बिजली की लाईन के नीचे किसी भी दशा में न लगाया जाएं।
- कांवड़ शिविर के अन्दर और निकट धूम्रपान न करें।
- कांवड़ शिविर के किचन के चारों और टीन की चादर लगाकर चारों ओर से सुरक्षित करें, जिसमें ज्वलनशील सामग्री / कपड़ों का प्रयोग ना किया जाएं।
- कांवड़ शिविर के भण्डारों में गैस सिलेण्डरों को इक्ट्ठा न रखे। साथ ही प्रयोग करने के पश्चात खाली होने पर रसोई स्थल से हटाकर अन्य सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए।



### पानी भरकर रखें और रहें अलर्ट

**करंट क्राइम :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा है कि कांवड़ शिविर में अग्नि सुरक्षा के लिए 200 लीटर पानी से भरा ड्रम और कम से कम चार फायर एक्सटिंग्यूशर एवं रेत-बालू अवश्य रखें। आपातकालीन स्थिति के लिए एक फायर हुक अवश्य रखें।
इसके साथ ही कांवड़ शिविर की विद्युत तारों को कन्डयूट पाईप के अन्दर कराकर ही रखा जाए। वहीं तारो के जोडो का इन्सुलेशन सही तरीके से कराया जाढं। तारों को किसी भी दशा में खुले न छोड़े। जहां तक सम्भव हो पोर्सलीन कनेक्टरो का प्रयोग किया जाए। वहीं अग्नि दुर्घटना होने पर तत्काल शिविरों को खाली कर, सहायता के लिए अग्निशमन विभाग को सूचित किया जाए।

### लगे आग तो इन नंबरों पर दें सूचना

- आग लगने पर अपने निकटतम फायर स्टेशन और पुलिस थाने में सूचना दें। तो मोबाईल फोन से डायल 112/101 एवं आपातकालीन नम्बरों पर सूचना दें।
- कोतवाली फायर स्टेशन -0120-2850148, 8383003805,
- वैशाली फायर स्टेशन-0120-2770686, 2777102,
- साहिबाबाद फायर स्टेशन- 0120-2636811, 9454418757
- मोदीनगर फायर स्टेशन-01232-243322, 9454418761,
- लोनी फायर स्टेशन -7839861673

## भाजपा महानगर कार्यालय पर अध्यक्ष के साथ मेयर ने बनाई योजना

# कभी भी हो सकती है निगम कार्यकारिणी चुनाव की घोषणा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी की चुनावी घोषणा होनी है और यह वर्ष कार्यकारिणी के लिये खास रहा है। इस पूरे वर्ष में नगर निगम कार्यकारिणी की सिर्फ एक बैठक हुई और वह भी बजट बैठक हुई। इस वर्ष कार्यकारिणी इसलिये भी खास है कि इस बैठक में किसी को बोलने का मौका नहीं दिया। इस वर्ष निगम कार्यकारिणी में पूरे वर्ष कोई चुनाव नहीं हुआ।

सूत्र बताते हैं कि यहां कई पार्षदों और पूर्व पार्षदों की ये भी शिकायत है कि नगर निगम तो इन दिनों नगर निगम एक्ट के अनुसार ही नहीं चल रहा। और भी बहुत कुछ है इन सबके बीच खबर ये है कि मेयर सुनीता दयाल ने भाजपा के महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ बैठकर निगम कार्यकारिणी को लेकर योजना बनाई है। सूत्र बता रहे हैं कि इस हफ्ते में नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव कभी भी हो सकता है। बताया जाता है कि महानगर कार्यालय पर मेयर और अध्यक्ष की बैठक हो चुकी है। दोनों के बीच नामों को लेकर चर्चा हुई है। फिलहाल अभी नाम तय हो रहे हैं और जल्द ही ये पूरा मामला सामने आ जाएगा।




### लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने नहीं खोले हैं पत्ते

**(करंट क्राइम)।** निगम कार्यकारिणी में कौन जाएगा, कौन बाहर होगा, ये तय होना है। भाजपा किसे उम्मीदवार बनाएगी ये भी तय होना है। संगठन सर्वोपरि है लिहाजा संगठनक के साथ नगर निगम पार्षद सदन की मुखिया ने बैठक कर ली है। बताया जाता है कि यहां नामों को लेकर पेंच फंसेगा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। वो किसका नाम देंगे ये अहम है क्योंकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की राय नगर निगम के निर्वाचन में ली जाती है।

### क्या अध्यक्ष मयंक गोयल देंगे अपनी पसंद का कोई नाम

**(करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की बात करें तो वो मूल भाजपाई हैं और संगठन की बारीकियों को जानते हैं। वो संतुलन जानते हैं और यहां पर सबकी निगाहें उन पर रहेंगी। क्योंकि महानगर अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद ये पहला मौका जब वो नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव देखेंगे। उनके हस्ताक्षरों से उम्मीदवारों का नाम फाइनल होगा। ऐसे मे ये बड़ा सवाल है कि अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल क्या अपना कोई नाम देंगे। क्योंकि राजनीति में सबका दिल होता है और वो भले ही बड़ा यो छोटा होता है। दल की बात करें तो महानगर अध्यक्ष का भी कोटा होता है और समर्थकों को उम्मीदें रहती हैं।

### नदिया पार के ठाकुर पार्षद का चुनावी ऐलान

**(करंट क्राइम)।** निगम चुनाव को लेकर खासतौर से कार्यकारिणी चुनाव को लेकर नदिया पार से मोर्चा खुलने लगा है। पिछली बार भी पार्षद नीलम भारद्वाज, संजय सिंह ने पर्चे लिये थे और निगम सदन में उनकी मेयर से नोंकझोंक भी हुईथी। हालांकि पर्चा उन्होंने बाद में वापस कर दिया, लेकिन चर्चा इस बात का है कि अब नदियापार का इलाका भी अपना कोटा मांग रहा है। वो पार्षदों की संख्या के आधार पर अपनी भागीदारी चाहते हैं। बताया जाता है कि नदिया पार के एक ठाकुर पार्षद ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वो कह चुके हैं कि हर हाल में वो निगम कार्यकारिणी का चुनाव लड़ेंगे। बताया जाता है कि वह लोगों से संपर्क स्थापित कर रहे हैं और वो यहां पर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा का उदाहरण दे रहे हैं। उनका कहना है कि अगर राजीव शर्मा चुनाव लड़ सकते हैं तो फिर मैं क्यों नहीं लड़ सकता। बताया जाता है कि वो प्रेशर पॉलिटिक्स का इस्तेमाल करेंगे और ये भी हो सकता है कि पार्टी उनके लिये व्हिप जारी करेंगे। बहरहाल पार्षद ने ऐलान कर दिय है कि मुझे उम्मीद है कि पार्टी मेरा नाम घोषित करेगी और यदि मेरा नाम भी नहीं आएगा तो भी मैं ये चुनाव लड़ूंगा।

### चार नाम पर बनेगी सहमति और पांचवें नाम पर होगा चुनाव

**(करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव इसी हफ्ते में हो जाना है। तैयारियां हो रही हैं। यहां पर चार और पांच का गणित है। अगर, चार नाम आते हैं तो चुनाव की नौबत नहीं आएगी और आम सहमति से निर्विरोध नाम घोषित हो जाएंगे, लेकिन भाजपा अगर पांचवां नाम लाती है तो फिर चुनाव होगा। सस्पेंस अभी बाकी है। निगम कार्यकारिणी में छह सदस्यों को लिया जाना है। भाजपा चार सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और यहां ये प्रयास भी हो सकता है कि पांच कार्यकारिणी सदस्य भाजपा के हो। वर्तमान में निगम कार्यकारिणी में पार्षद राजीव शर्मा हैं, पार्षद नीरज गोयल हैं, पार्षद पूनम सिंह हैं, पार्षद नरेश भाटी हैं, पार्षद नरेश जाटव हैं और पार्षद अमित त्यागी हैं। सस्पेंस चार नामों पर है कि कौन से चार नाम भाजपा कार्यकारिणी के लिये लेकर आएगी।

### सांसद, विधायक, मेयर और अध्यक्ष का होगा कौन सा नाम

**(करंट क्राइम)।** भले सदन निगम का है और चुनाव कार्यकारिणी का है, लेकिन यहां पता चलेगा कि सांसद किसे चाहते हैं, विधायकों की पसंद का कौन सा नाम है और मेयर किसे कार्यकारिणी में देखना चाहती है, अध्यक्ष की पसंद वाली सूची का नाम कौन सा है। एक नाम सांसद के खेमे से आना है, तीन नाम ऐसे हैं जो विधायक खेमे से आएंगे। एक नाम मेयर का होगा और एक नाम महानगर अध्यक्ष का होगा। इस तरह से यहां कुल छह नाम होंगे और छह में से चार नामों पर आम सहमति बनेगी और यहीं पता चलेगा कि सांसद, मेयर, विधायक और अध्यक्ष ने किन नामों पर मुहर लगाई।

## संपादकीय

# प्रश्न मानसिकता का हैं

परिवार में लड़कियों के मामले में ही हम क्यों कहते हैं कि कुछ ऊंच-नीच हो जायेगी। पुरुषों के मामले में ऐसा क्यों नहीं कहते हैं। पूरी सोच इसी पर होती है कि लड़कियां ऐसा नहीं करती हैं या लड़के ऐसा नहीं करते हैं। इसी मानसिकता का ही नतीजा होता है कि बलात्कारी किशोरों के जघन्य जुर्म को हल्के में लेते हुए कहा जाता है कि लड़के तो लड़के ही हैं। या पीड़ित लड़कियों या महिलाओं को ये संदेश देने की कोशिश की जाती है कि उनके पहनावे या देर तक बाहर रहने के कारण उन पर यौनिक हिंसा हुई। लैंगिक समानता को पाने में ऐसा भाव, चाहे महिलाओं में हो या पुरुषों में, बना रहना लैंगिक समानता पाने में एक अवरोधक है। इस कारण वे जेंडर अन्याय को भी नहीं पहचान पाते हैं। कई बार महिलाओं की स्वयं की सोच भी लैंगिक समानता के हक को पाने में या दूसरों के लिए उसको दिलाने में बाधक हो सकती हैं। उन्हें ऐसा तो होता ही आया है की मनोवृत्ति से बाहर निकलना ही होगा। पुरुष मुख्यत: केवल अपने ऑफिस या काम के लिए जाने को तैयार होता है। महिलाएं सारा काम निपटा कर टिफिन तैयार कर दिन में उसके न रहने पर घर में जो होगा उसकी जरूरतें कैसे पूरी होंगी, ये सब सुनिश्चित कर काम पर जाती हैं। काम से घर लौटने पर महिला रसोई प्रबंधन व बच्चों के होम वर्क पर लग जाती है। पुरुष अपनी रुचि अनुसार ऑफिस से लौटने के बाद स्वतंत्र समझता है। जहां दम्पति दोनों नौकरीपेशा हों, वहां कार्यालय काम से घर आने के बाद और कार्यालय काम में जाने के पहले का व्यवहार या स्थितियां भी लैंगिक असमानता के सूचक ही नजर आते हैं।

नैतिकता व अपेक्षाओं के मानक पुरुषों व महिलाओं के लिए जब अलग-अलग हों तो लैंगिक समतामूलक न्याय भी कैसे पाया जा सकता है। यथार्थ में तो जिस तरह से किशोर अपराधियों व बलात्कारियों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है उसकी चेतावनी तो यह है कि ऊंच-नीच के संदर्भ में लड़कों पर ज्यादा नजर रखे जाने की जरूरत है। फिर भी पूरा प्रवचन इसी पर होता है कि लड़कियां ऐसा नहीं करतीं, लड़के ऐसा नहीं करते। इसी मानसिकता के चलते राजनीति, प्रशासन या प्रोफेशनल क्षेत्र में उच्च मुकाम पाई महिलाओं को अपने व्यक्तिगत जीवन को लेकर दुष्प्रचार झेलने पड़ते हैं। कहीं-कहीं महिला पंचायत प्रधानों के अधीन पंचायत कर्मी काम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे ही माहौल में खाप पंचायतें इतनी प्रबल हो जाती हैं कि सुप्रीमकोर्ट को उन्हें बालिगों के मामले में हस्तक्षेप न करने को चेताना पड़ता है। लैंगिक समता पाने को व्यक्तिगत, सामाजिक-मानसिक जकड़नों व सोच के पतन पर भी चोट वांछित है। सच्चाई यह भी है कि महिलाओं के पास भी पर्याप्त अवसर रहते हैं कि वो समाज में लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील होने के लिये बचपन से ही बच्चों को तैयार कर सकें। शिक्षक ज्यादातर कम से प्राथमिक कक्षाओं में महिलायें ही होती हैं। मां के रूप में भी अपने बच्चों में चाहे वे लड़के हों या लड़की लैंगिक समानता के लिए संवेदना बढ़ाने व उसे आचरण में अपनाने के लिये प्रेरित करने में महिलाओं के पास पर्याप्त अवसर होते हैं। यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो उस पर हम सभी को आत्मविश्लेषण की जरूरत है।

# गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 247 अंक लुढ़का, निफ्टी भी फिसला




**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक गिरकर 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 67.55 अंक गिरकर 25,082.30 अंक पर आ गया।

आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी पूंजी निकासी के बीच बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 490.09 अंक या 0.59 प्रतिशत गिरकर 82,010.38 पर आ गया था, लेकिन कारोबार समाप्ति तक इसने कुछ हद तक अपनी भरपाई कर ली। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 67.55 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 25,082.30 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 1.58 प्रतिशत की गिरावट आई। टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स के शेयर भी गिरावट में रहे। हालांकि, इटर्नल, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी लाभ में रहे।

### बाजार में सतर्क हैं निवेशक

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली और सतर्कता का माहौल बना हुआ है। टैरिफ से जुड़ी खबरें और कमजोर तिमाही नतीजों की शुरूआत निवेशकों को संवेदनशील बना रही है। साथ ही, शेयरों के मूल्य भी पिछले 3 वर्षों के उच्चतम स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, कुछ खास सेक्टर्स में अभी भी तेजी देखी जा रही है। हेल्थकेयर, रियल एस्टेट, कंज्यूमर और डिस्क्रीशनरी सेक्टर में निवेशकों की रुचि बनी हुई है। दूसरी ओर, आईटी सेक्टर कमजोर बना हुआ है क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में इसके मुनाफे में गिरावट आने का जोखिम है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

# जून में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.10% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** जून में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.10% पर पहुंच गई। सरकार की ओर से सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े साझा किए गए। आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति कई वर्षों के निम्नतम स्तर 2.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल से अधिक के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य कारण सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून 2024 में 5.08 प्रतिशत थी।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि जून, 2024 की तुलना में जून, 2025 के लिए सीपीआई पर आधारित वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर 2.1 प्रतिशत है।

इसमें कहा गया है, मई 2025 की तुलना में जून 2025 की हेडलाइन मुद्रास्फीति में 72 आधार अंकों की गिरावट है। यह जनवरी 2019 के बाद साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति है। इससे पहले जनवरी 2019 में 1.97 प्रतिशत की न्यूनतम दर दर्ज की गई थी। एनएसओ ने कहा कि जून 2025 में हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, दालों और उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और अन्य उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उत्पादों और मसालों की कीमतों में नरमी के कारण कारण है।

## राशिफल

**मेष:** नौकरी कर रहे जातकों को अपनी नौकरी में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। सीनियर से बातचीत करते समय वाणी की मधुरता को बनाए रखें।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में आप अपने दिए गए कार्यों को समय से पहले पूरा करेंगे. उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार की भी प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा, जिससे आप काफी खुश नजर आएंगे. अगर आपने पहले कोई निवेश किया हुआ है।

**कर्क:** आप अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में सुबह की सैर, योगा व ध्यान को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे।

**सिंह:** जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं, कल उन्हें कोई अच्छी डील मिलेगी, जिससे उन्हें अच्छा खासा लाभ मिलेगा. बिजनेस कर रहे।

**कन्या:** व्यवसाय कर रहे जातकों को व्यवसाय को आगे बढ़ाने में जो समस्याएं आ रही हैं, उसके लिए वह अपने सहयोगियों से सहायता लेंगे।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी. जीवनसाथी को कोई नया कार्य शुरू कराएंगे, जिससे आय में बढ़ोतरी हो सके।

**धनु:** गृहस्थजीवन में सुख शांति बनी रहेगी. भाई, बहन में चली आ रही कलह समाप्त होगी।

**मकर:** पारिवारिक जीवन में सुख शांति बनी रहेगी. माताजी का सानिध्य व सहयोग मिलेगा. पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** कार्यक्षेत्र में आप अपने दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करेंगे. कल आपको नई नौकरी का भी ऑफर आएगा. बेरोजगार लोगों को अच्छा रोजगार मिलेगा।

**मीन:** आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी. आपके मन की कोई इच्छा पूरी होगी. जीवनसाथी की सेहत में सुधार होगा।

## चुटकुले

पप्पू : मम्मी “Google” का मतलब क्या होता है?
मम्मी : बेटा वो तो सब जानता है!
पप्पू : फिर टीचर क्यों कहती है "Google मत बनो?

---

पत्नी : सुनो, मैं मायके जा रही हूँ!
पति (खुश होकर) : ठीक है, रास्ते में खाना खा लेना।
पत्नी : मैं गुस्से में जा रही हूँ!
पति : तो भूखी क्यों रहना?

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे भूलने की बीमारी हो गई है!
डॉक्टर : ये बीमारी आपको कब से है?
मरीज : कौन सी बीमारी?

---

गोलू : मम्मी, प्यार अंधा क्यों होता है?
मम्मी : क्योंकि जब दिखने लगता है, तो शादी हो जाती है!
गोलू : ओह... तभी तो पापा हमेशा चुप रहते हैं!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# ट्रंप ने चेल्सी की जीत के जश्न में डाला खलल! ट्रॉफी सौंपने के बाद पोडियम से हटे ही नहीं

**विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट।** कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट का खिताब जीता। फीफा क्लब विश्व कप का फाइनल किसी फिल्म से कम नहीं रहा। इसमें रोमांच, ड्रामा, मारपीट..सब देखने को मिला। मैच के दौरान पीएसजी और चेल्सी के खिलाड़ी और स्टाफ आपस में भिड़ गए। वहीं, एक अप्रत्याशित चीज भी हुई। अमेरिका के ईस्ट रदरफोर्ड में हुए इस मैच को देखने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पहुंचे थे। उन्होंने विजेता टीम चेल्सी को ट्रॉफी तो सौंपी, लेकिन पोडियम से हटने को तैयार ही नहीं हुए। फिर फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो उन्हें पोडियम पर ही पीछे के



हिस्से में ले गए। इस घटना ने न सिर्फ फैंस को, बल्कि चेल्सी के खिलाड़ियों को भी चौंका दिया।

पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल रहा। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए।

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए, लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैम्पियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी।

रविवार को हुए फीफा क्लब विश्व कप फाइनल मैच में हाथापाई हो गई, जिसमें पेरिस सेंट जर्मेन के कोच लुइस एनरिक और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा चेल्सी के फॉरवर्ड जोआओ पेड्रो को धक्का देते हुए दिखाई दिए। एनरिक सेंटर सर्कल के पास मैदान पर थे और ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने जोआओ पेड्रो का गला दबा दिया हो। पीएसजी के गोलकीपर डोनारुम्मा ने 23 वर्षीय पेड्रो को धक्का भी दिया, जिससे वह गिर गए। चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने साथी इतालवी खिलाड़ी डोनारुम्मा को मैदान से जाने को कहा।

ये ड्रामा कम था कि बाद में ट्रंप ने पोडियम छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने चेल्सी के कप्तान रीस जेम्स को ट्रॉफी सौंपी। इसके बाद रीस ट्रंप को कुछ कहते सुनाई पड़े। हालांकि, ट्रंप वहीं खड़े मुस्कुराते रहे और चेल्सी के खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। आमतौर पर, ट्रॉफी सौंपने वाला शख्स ट्रॉफी सौंपने के बाद अलग हो जाता है, जिससे खिलाड़ियों को अपने मन मुताबिक जश्न मनाने की अनुमति मिलती है।

# नगर निगम ने इंदिरापुरम से हटाया अतिक्रमण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को वसुंधरा जोन प्रभारी सुनील राय के निर्देश पर शुरू हुआ अतिक्रमण अभियान जनवरी तक चलेगा। हाथी पार्क के चारों ओर सड़क पर बनी झुग्गियों मुक्त कराया गया। इस दौरान सड़क किनारे कच्चे और पक्के सभी प्रकार के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। वसुंधरा जोनल प्रभारी सुनील कुमार राय, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल दीपक शरण, प्रवर्तन दल के उप प्रभारी देवेंद्र चौधरी, सफाई इस्पेक्टर अशोक कुमार, राहुल सैनी, सफाई नायक संदीप कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग की टीम और पुलिस बल की मौजूदगी रही।

नगर निगम की टीम ने सोमवार को इंदिरापुरम के हाथी पार्क के रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। अवैध अतिक्रमण हटाने





की कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने नगर निगम टीम का सहयोग करने के लिए शहरवासियों से अपील भी की गई है। आवागमन बाधित न हो। इसलिए अवैध अतिक्रमण खुद हटाने की भी अपील की गई है।

### भारतीय टीम जीत के लिए आश्वस्त

# वॉशिंगटन सुंदर बोले- ड्रेसिंग रूम में अब भी कई मजबूत बल्लेबाज मौजूद



**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाजों की मौजूदगी भारत को लॉर्ड्स की मुश्किल पांचवें दिन इंग्लैंड के खिलाफ 193 रन के लक्ष्य का पीछा करने में मदद करेगी। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 58 रन बना लिए हैं। फिलहाल केएल राहुल 33 रन बनाकर नाबाद हैं। यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, कप्तान शुभमन गिल और नाइट वॉचमैन आकाश दीप पवेलियन लौट चुके हैं। टीम इंडिया को अभी भी 135 रन बनाने हैं और उसके छह विकेट शेष हैं।

भारत के पास ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर ही उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो बल्लेबाजी कर सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की भी जरूरत पड़ सकती है। इससे पहले सुंदर के चार विकेट ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 192 रन पर समेट दिया था। सुंदर ने चौथे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, 'हम बहुत सी चीजें वैसी ही चाहते हैं जैसी हम उम्मीद करते हैं, लेकिन हां, हम किसी भी दिन इस चुनौती स्वीकार करेंगे। हम पांचवें दिन सच में सकारात्मक परिणाम देंगे। हमारे ड्रेसिंग रूम में कुछ मजबूत बल्लेबाज हैं। यह हर तरह से रोमांचक है। आप जानते हैं, लॉर्ड्स में टेस्ट जीतना अद्भुत होगा। इसलिए मुझे लगता है कि हम काफी अच्छी स्थिति में हैं।'

ऑलराउंड क्षमता के कारण कुलदीप यादव पर सुंदर को तरजीह दी गई और उन्होंने अपने चयन को सही साबित किया और विरोधी टीम को करारा जवाब दिया। सुंदर ने कहा, 'निश्चित रूप से, गेंद के साथ मेरे लिए यह सबसे अच्छे दिनों में से एक था। खासकर भारत के बाहर। लेकिन हां, इस टेस्ट मैच से पहले मेरे पास कुछ ठोस योजनाएं थीं और मैं उन्हें पहली और दूसरी पारी में लागू करना चाहता था। खेल के अलग-अलग चरणों में मुझे अलग-अलग भूमिकाएं सौंपी जाती हैं। मैं कहूंगा कि यहीं से टेस्ट क्रिकेट और भी रोमांचक हो जाता है क्योंकि आपको पांचवें दिन अपनी मानसिकता को बदलना पड़ता है और पहले दिन की तुलना में थोड़ा अलग क्रिकेटर बनना पड़ता है।'

वॉशिंगटन ने कहा कि उन्हें फॉर्म में चल रहे जेमी स्मिथ को आउट करने में मजा आया। क्या वह सोमवार को जीत की कल्पना कर रहे हैं? इसके जवाब में सुंदर ने कहा, 'लॉर्ड्स में एक टीम के रूप में जीत हमारे लिए बहुत-बहुत खास होगी। यह अद्भुत होगा। मुझे यकीन है कि आप लोगों के लिए भी। पांचवें दिन का खेल रोमांचक होने वाला है। मेरा मतलब है, खासकर चौथे दिन के आखिरी 15-20 मिनट काफी दिलचस्प थे। मैं कहूंगा कि दोनों ड्रेसिंग रूम में आक्रामकता हमेशा हमारे अंदर बनी रहती है। बस एक घटना (क्राउली-गिल विवाद) और सब आक्रामक हो चुके हैं। चौथे दिन भी मैदान पर आक्रामकता दिखाई पड़ी।' सुंदर ने कहा, 'यह निश्चित रूप से ऊर्जा का संचार करता है। मेरा मतलब है कि यह एक खेल है और हर कोई अपने-अपने तरीके से काफी आक्रामक और काफी तीव्र होता है। मेरा मतलब है, खेल चाहे कोई भी हो, अगर आप एक एथलीट हैं, तो यह एक सामान्य कारक है।' भारत की दूसरी पारी में यशस्वी खाता भी नहीं खोल सके।

# भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट में नजर आए खिलाड़ी कुमार, पत्नी ट्विंकल भी दिखीं साथ



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले के अंतिम दिन मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार नजर आए। वह पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ लॉर्ड्स पहुंचे और मैच का लुत्फ उठाते नजर आए। सोशल मीडिया पर खिलाड़ी कुमार की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। बता दें कि, लॉर्ड्स टेस्ट का आज पांचवां दिन है। इंग्लैंड ने भारत के सामने 193 रन का लक्ष्य रखा है। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक ग्राउंड पर खेले जा रहे इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहली पारी में 10 विकेट पर 387 रन बनाए। वहीं, भारत ने भी अपनी पहली पारी में 387 रन ही बनाए। दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 192 रन पर सिमट गई और भारत के सामने 193 रनों का लक्ष्य रखा। अब भारत की दूसरी पारी जारी है।

# महिला शतरंज विश्व कप में दिव्या-हम्पी अंतिम 16 में, गोल्फ में अदिति 28वें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने जॉर्जिया के बातुमी में जारी विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूनार्मेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।



भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर फ्रांस के ऐक्स-लेस-बेन्स में खेले गए अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं।

अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरूआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी।

ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस किम ने एवियन रिसोर्ट गोल्फ क्लब में प्लेऑफ में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता।

# फाइनल में चले लात-घूंसे, पीएसजी चेल्सी के खिलाड़ी भिड़े, कोच एनरिक ने पेड्रो को दिया धक्का

**फीफा क्लब।** रविवार को फीफा क्लब विश्व कप फाइनल के बाद हाथापाई हो गई, जिसमें पेरिस सेंट जर्मेन के कोच लुइस एनरिक और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा चेल्सी के फॉरवर्ड जोआओ पेड्रो को धक्का देते हुए दिखाई दिए। चेल्सी ने पीएसजी को 3-0 से हराकर क्लब विश्व कप 2025 का खिताब जीता। चेल्सी ने पहले हाफ में तीन गोल दागे। इसमें 43वें मिनट में पेड्रो का गोल भी शामिल है। इसके अलावा कोल पामर ने 22वें और 30वें मिनट में गोल किया। मैच काफी तनावपूर्ण हो गया जब पीएसजी के जोआओ नेवेस को मार्क कुकुरेला के बाल पकड़कर गिराने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया और छह पीले कार्ड भी दिए गए।



एनरिक सेंटर सर्कल के पास मैदान पर थे और ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने जोआओ पेड्रो का गला दबा दिया हो। पीएसजी के गोलकीपर डोनारुम्मा ने 23 वर्षीय पेड्रो को धक्का भी दिया, जिससे वह गिर गए। चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने साथी इतालवी खिलाड़ी डोनारुम्मा को मैदान से जाने को कहा।

मैच के बाद पीएसजी के कोच एनरिक ने एक अनुवादक के जरिए कहा, 'आखिरकार यह पूरी तरह से टाला जा सकता था। मेरा लक्ष्य और मेरा उद्देश्य हमेशा की तरह, बड़ी समस्याओं से बचने के लिए फुटबॉलरों को अलग करना है। बहुत तनाव था, बहुत दबाव था और कई लोग धक्का-मुक्की कर रहे थे।' पीएसजी के डिफेंडर अचरफ हकीमी जोआओ पेड्रो और चेल्सी के मिडफील्डर आंद्रे सैंटोस की ओर कुछ इशारा करते हुए दिखे, जिसके बाद यह पूरा बवाल शुरू हुआ।

वहीं, चेल्सी के जोआओ पेड्रो ने सैंटोस के बारे में कहा, 'मैंने पीएसजी के खिलाड़ियों को उन्हें घेरते देखा। एक अच्छे ब्राजीलियन की तरह, मैं अपने दोस्त को बचाने गया था। वहां बहुत सारी भीड़ आ गई और अंत में मुझे धक्का दिया गया। ऐसी बातें होती रहती हैं। हमें हारना मंजूर नहीं है। अब जश्न मनाने का समय है।' मारेस्का ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यह झगड़ा कैसे शुरू हुआ। उन्होंने कहा, 'मैंने देखा कि कुछ हो रहा था, लेकिन मुझे नहीं पता कि क्या हुआ।'

# सॉफ्टबाल में शिमला और सिरमौर की दो बेटियां चीन में दिखाएंगी दम



**नई दिल्ली।** चीन के शियान में होने वाली एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप में जिला शिमला और सिरमौर की बेटियां हिस्सा लेंगी। कप 14 से 20 जुलाई तक होगा। शिमला जिले के कोटखाई की कविता ठाकुर और सिरमौर की कृषिका को एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। छह दिनों तक चलने वाली चैंपियनशिप में 10 देशों की टीमों के बीच कड़े मुकाबले खेले जाएंगे।

### वर्ल्ड कप खेलेंगी शीर्ष दो टीमें

शीर्ष दो में स्थान पाने वाली टीमें साल 2026 में होने वाले वर्ल्ड कप वुमन सॉफ्टबाल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम की नजर न सिर्फ पदक पर बल्कि वर्ल्ड कप के टिकट पर भी टिकी हुई हैं।

### जालंधर में पढ़ रहीं कृषिका

कृषिका की हाई स्कूल तक की पढ़ाई गुरुकुल स्कूल राजगढ़ से हुई है। अब वह कन्या महाविद्यालय जालंधर में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उनके पिता राकेश कुमार बीएसएफ में कार्यरत हैं। माता तृप्ता ठाकुर गृहिणी हैं।

### कविता के पिता का हो चुका निधन

कोटखाई की कविता एक निजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं। कविता के पिता का निधन हो चुका है। माता प्रोमिला देवी गृहिणी हैं। कविता ठाकुर 8 वर्ष से सॉफ्टबाल खेल रही हैं। वहीं कृषिका 5 वर्ष से खेल में सक्रिय हैं।

### थाईलैंड में बरसेंगे श्रुति के मुक्के

किन्नौर की चांसू पंचायत की श्रुति नेगी का थाईलैंड के बैंकॉक में होने वाली अंडर-22 एशियाई महिला मुक्केबाजी लिए चयन हुआ है। श्रुति नेगी चैंपियनशिप के इस उपलब्धि से किन्नौर जिला और विशेष रूप से चांसू गांव के लोगों में खुशी की लहर है। पंचायत वासियों ने श्रुति को शुभकामनाएं दी हैं। इस समय श्रुति नेगी नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रोहतक में प्रशिक्षण ले रही हैं। उनका यह चयन उनकी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है। श्रुति के माता-पिता सीता देवी और संजय कुमार ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। शारीरिक शिक्षक कर्म चंद नेगी ने बताया कि श्रुति बचपन से ही प्रतिभाशाली रही हैं। उन्होंने हमेशा श्रुति को प्रेरित किया। अब उसकी यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्रुति अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश और हिमाचल का नाम रोशन करेंगी।

# चौथी पारी में 52 के औसत से रन बनाते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** आलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट झटककर को भारत को रविवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बेहतरीन स्थिति में पहुंचाया, लेकिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने मेहमान टीम के स्टंप तक 58 रन तक चार विकेट चटका दिए। भारत अच्छी शुरूआत नहीं कर सका और दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल खाता खोले बिना आउट हो गए। करुण नायर (14) और कप्तान शुभमन गिल (06) ब्रायडन कार्स का शिकार हुए। नाइटवॉचमैन आकाश दीप को बेन स्टोक्स के आउट करते ही स्टंप हो गया। मैच का पांचवां दिन रोमांचक होगा क्योंकि जीत के लिए भारत को 135 रन और इंग्लैंड को छह विकेट चाहिए। केएल राहुल (47 गेंद पर 33 रन) क्रीज पर मौजूद हैं। हालांकि, सवाल यह उठता है कि भारत का संकटमोचक कौन होगा? बाकी बचे खिलाड़ियों में सिर्फ ऋषभ पंत ही मुख्य बल्लेबाज हैं। इसके अलावा बाकी



### पंत, राहुल, जडेजा, सुंदर और नीतीश का रिकॉर्ड

पंत ने अब तक किसी भी टेस्ट की चौथी पारी यानी टारगेट चेज करते हुए 17 टेस्ट में बल्लेबाजी की है। इसकी 11 पारियों में उन्होंने 51.77 की औसत से 466 रन बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक और एक शतक शामिल है। चौथी पारी में बल्लेबाजी करते हुए वह 83.6 फीसद कंट्रोल के साथ बल्लेबाजी करते हैं। उनके अलावा मौजूदा लाइन अप में किसी अन्य बल्लेबाज का चौथी पारी में ऐसा रिकॉर्ड नहीं है। केएल राहुल का चौथी पारी में 26.42 का औसत है। उन्होंने 18 पारियों में 370* रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है, जबकि रवींद्र जडेजा ने चौथी पारी में 12 पारियों में 15.30 की औसत से 153 रन बनाए हैं। वॉशिंगटन सुंदर ने चौथी पारी में पांच पारियों में 15.00 की औसत से 60 रन बनाए हैं। वहीं, नीतीश ने अब तक चौथी पारी में एक ही बार बल्लेबाजी की है और उसमें एक रन बनाया है।

ऑलराउंडर्स या गेंदबाज हैं। टीम इंडिया को पंत से ही काफी उम्मीदें हैं और वह पहले भी मुश्किल परिस्थितियों से भारत को निकाल चुके हैं। गाबा जैसा करिश्मा वह एक बार फिर कर पाएंगे? यह देखने वाली बात

### 200 से कम का स्कोर चेज करते हुए टीम इंडिया का रिकॉर्ड

पंत से अच्छा औसत चौथी पारी में विराट कोहली और रोहित शर्मा का भी नहीं था। कोहली ने ऐसी 32 पारियों में 42.38 की औसत से 1102 रन बनाए। वहीं, रोहित ने ऐसी 22 पारियों में 27.22 की औसत से 490 रन बनाए थे। टीम इंडिया को पांचवें दिन सबसे ज्यादा उम्मीद पंत और राहुल की जोड़ी से होगी। इन्हें भारत को लक्ष्य के करीब ले ही जाना होगा। रएठअ देशों में (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) टेस्ट में 200 या इससे कम के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया का रिकॉर्ड शानदार है। उसने इस मैच से पहले 13 बार 200 या इससे काम के लक्ष्य को चेज किया है और नौ बार जीत हासिल की है। एक मैच में भारतीय टीम को हार मिली और तीन टेस्ट ड्रॉ रहे।

हालांकि, लॉर्ड्स में और इंग्लैंड में भारत का रन चेज उतना शानदार नहीं रहा है। टीम इंडिया ने लॉर्ड्स में सिर्फ तीन टेस्ट जीते हैं और इनमें से सिर्फ 1986 में स्कोर चेज किया था। तब कपिल देव की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 136 रन चेज किया था और पांच विकेट से मैच जीत था। कपिल देव प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। इंग्लैंड में भारत के सफल रन चेज की बात करें तो सिर्फ तीन मौके ऐसे आए हैं, जब टीम ने वहां सफल रन चेज किया है। लॉर्ड्स में 1986 में जीत के अलावा ओवल में 1971 में और नॉटिंघम में 2007 में भारत ने चौथी पारी में सफल चेज किया था। 1971 में ओवल में भारत ने 174 रन चेज किया (छह विकेट गंवाकर) और 2007 में नॉटिंघम (ट्रेंट ब्रिज) में भारत ने 73 रन चेज किया था। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में दो बार 200 से कम के लक्ष्य को चौथी पारी में डिफेंड किया है। उसने ऐसा 2019 में आयरलैंड के खिलाफ और 1955 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किया था।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आयोजित

## प्राप्त प्रकरणों का किया जाए समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनपद गाजियाबाद के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक की प्रकरणवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गाजियाबाद श्रीनाथ पासवान, क्षेत्रीय प्रबंधक,यूपीएस आईडीए, अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गाजियाबाद एवं अन्य विभागों के अधिकारियों तथा औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों पर जिलाधिकारी सख्त:** विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों जैसे अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे औद्योगिक संगठनों के क्षेत्रवार ग्रुप में जुड़े रहें एवं ग्रुप में डाली गई समस्याओं एवं सुझावों पर तत्काल रेस्पॉन्ड कर उक्त समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को कार्रवाही हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें । साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य अभियंता उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड गाजियाबाद उपायुक्त उद्योग से संपर्क स्थापित करके औद्योगिक संगठनों के साथ प्रत्येक मा एक बैठक अवश्य करें एवं उनकी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण कराएं।

**जाम का स्थाई समाधान हो :** एनएच– 9 से औद्योगिक क्षेत्र प्रवेश व निकास पर लगने वाले जाम का स्थाई समाधान किए जाने संबंधित प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त स्थल का 16 जुलाई 2025 को स्वयं स्थलीय निरीक्षण करके परियोजना निदेशक, एनएचएआई से वार्ता कर उक्त समस्या का निस्तारण कराए जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

**सड़क, नाली–नाला निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट हों दुरुस्त:** औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण नाली–नाला निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह प्रत्येक प्रकरण में स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें एवं एस्टीमेट के अनुसार वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रथमतया आवश्यक व्यवस्थाएं कारण एवं वर्ष के बाद कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

**जंल भराव एवं पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था हो :** उद्योग कुंज इंडस्ट्रियल एरिया में सड़कों पर जल भराव एवं पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने संबंधी प्रकरण पर उपमहाप्रबंधक सिविल यूपीसीडा, प्रथम गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि उद्योग कुंज औद्योगिक क्षेत्र में सड़क नालों एवं खलवात के निर्माण हेतु लगभग रुपए 6 करोड़ 11 लाख का आगमन तैयार कर वैट हेतु आईआईटी जम्मू को प्रेषित किया जा चुका है। आईआईटी जम्मू से शीघ्र उक्त रिपोर्ट प्राप्त होना संभावित है। अध्यक्ष महोदय द्वारा डीजीएम यूपीएसआईडीए गाजियाबाद से जानकारी चाही गई कि इस प्रकार के एस्टीमेट में वैट होने, स्वीकृति प्राप्त होने आदि में लगभग कितना टाइम लगता है तथा उक्त कार्य को शीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**गंदगी एवं एसिडिक वाटर संबंधी प्रकरण में एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी:** ऑल इंडिया मेटल फोर्जिंग संगठन द्वारा प्रस्तुत प्रकरण की मैसेज कार्बन कॉन्टिनेंटल इंडिया लिमिटेड के पास स्थित ग्रीन बेल्ट में गंदगी एवं एसिडिक वाटर के कारण उक्त क्षेत्र का पानी पीने योग्य नहीं बचा है, संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण गाजियाबाद को उक्त पार्क में एसिटिक वाटर डालने वाली इकाई का स्वयं स्थलीय निरीक्षण किए जाने तथा एक सप्ताह के अंदर उक्त प्रकरण में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**पानी की टंकी एवं सीवर लाइन संबंधित प्रकरण पर नगर आयुक्त से फोन पर की वार्ता :** लघु उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा प्रस्तुत हिंडन बिहार क्षेत्र में डाली गई सिविल लाइन एवं पानी की पाइपलाइन को चालू ने किए जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा नगर आयुक्त गाजियाबाद से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गई एवं युक्त पानी की टंकी एवं सीवर लाइन संबंधित प्रकरण पर प्रभावी कार्यवाही कराए जाने हेतु कहा गया।

**रोड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के प्रकरण पर पुलिस विभाग को निर्देशित किया:** बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में रोड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाए जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि वे औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े ट्रक, ट्राले एवं अनावश्यक रूप से सड़कों पर पड़े समान एवं अतिक्रमण पर जुमार्ना लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। यदु गैस एजेंसी, डी 33, साइट4 साहिबाबाद गाजियाबाद के नजदीक यूपीसीडा के पार्क पर अवैध कब्जा होने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी, सदर गाजियाबाद को उक्त पार्क की पैमाइश कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**15 दिन के अंदर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें:** जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा उद्योग बंधु बैठक के दौरान निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों की विभाग बार समीक्षा करते हुए उक्त प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराए जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों पर तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 15 दिन के अंदर अनुपालन आख्या प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।





### सड़क निर्माण कराए जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अतुल वत्स से की वार्ता

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इंद्रप्रस्थ योजना पॉकेट बी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क का निर्माण कराए जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान ही उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से वार्ता की गई एवं उक्त प्रकरण को शीघ्र निस्तारित कराए जाने हेतु कहा गया। उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा आगामी उद्योग बंधु बैठक से पूर्व उक्त प्रकरण का निस्तारण कराए जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

### 'पानी की टंकियों से पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए'

करंट क्राइम। ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी लोनी औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में पानी की टंकियां से पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने संबंधी प्रकरण पर टेस्ट नलकूप के निर्माण संबंधी कार्य में अधिक विलंब हो जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड प्रथम, उत्तर प्रदेश जल निगम नगरी राजनगर गाजियाबाद एवं वरिष्ठ प्रबंधक सिविल तृतीया, यूपीएसआईडीए, ट्रांस दिल्ली सिगनेचर सिटी गाजियाबाद को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में उपायुक्त उद्योग एवं परियोजना अधिकारी, यूपीसीडा, गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम गाजियाबाद एवं वरिष्ठ प्रबंधक सिविल तृतीय, यूपीसीडा, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी की कमेटी गठित करते हुए उक्त प्रकरण में आगामी उद्योग बंधु बैठक से पूर्व जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। दिल्ली लोनी रोड पर नालों का गंदा पानी जवाहर नगर मेट्रो स्टेशन से दो नंबर बस स्टैंड तक अधिकांश भरा रहने तथा रोड पर गड्ढे, क्षतिग्रस्त रोड होने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण एवं जल निकासी की स्थाई व्यवस्था हेतु लोक निर्माण विभाग गाजियाबाद द्वारा कार्य योजना तैयार की जा चुकी है, जिसके अंतर्गत वर्षा के बाद उक्त कार्य लोक निर्माण विभाग गाजियाबाद द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

## हज-2026 के लिए हज यात्री करें आवेदन : साहित्य निकष सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहित्य निकष सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गाज़ियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि हज-2026 हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज सत्र 2026 की अधिकारिक घोषणा कर दी गयी है। हज-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in व हज सुविधा एप पर 7 जुलाई, 2025 से अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 (रात्रि 11:30 बजे तक) किये जा सकेंगे। हज-2026 (1447 हि०) की आवश्यक तैयारियों हेतु निम्न निर्देश व समय सीमा निर्धारित की गयी हैं जिसके अन्तर्गत इच्छुक हज आवेदकों को अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। हज-2026 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा। हज-2026 के आवेदन हेतु पासपोर्ट आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 या उससे पूर्व तक जारी होना चाहिए तथा जिसकी वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है। हज आवेदन फार्म में कम दिनों सम्भवतः 20 दिन हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसके लिए सामान्य हज से अधिक व्यय की सम्भावना है। कम अवधि के पैकेज में सीमित सीटें उपलब्ध रहेंगी। अधिक आवेदन आने पर उनका चयन लाटरी से किया जायेगा। कम अवधि के हज यात्री केवल सात (07) उडान स्थल से रवाना हो सकेंगे, जिसमें अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोचित, दिल्ली, हैदराबाद, मुम्बई। आवेदन करते समय हज आवेदकों को पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण जिसमें कैंसल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड की जायेगी। आवेदन करने के बाद केवल मृत्यु या गम्भीर बीमारी के कारण से ही आवेदन निरस्त किये जा सकेंगे अन्यथा की स्थिति में अर्थदण्ड के रुप में जमा धनराशि काटी जायेगी। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि, आवेदन से पहले हज गाइडलाइंस को अच्छी तरह पढ़ लें तभी आवेदन करें। गाइडलाइंस शीघ्र वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन जिलों में स्थापित ई-सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे, एण्ड्रायड व आई०फोन के माध्यम से भरे जा सकते हैं। उ०प्र० राज्य हज समिति के कार्यालय में स्थापित ई-सुविधा केन्द्र क्रियाशील कर दिया गया है। जिसपर तैनात कर्मचारी का मोबाइल नम्बर 7905953578, 7310103534 है।

## 151 लीटर की कांवड़ लेकर गाजियाबाद पहुंचने पर हर्षित भोले का शिवभक्तों ने किया स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरिद्वार, हर की पौड़ी से एक जून को 151 लीटर जल भरकर हर्षित भोले के गाजियाबाद पहुँचने पर शिव भक्तों ने स्वागत किया। संजय नगर सैक्टर 23 के हर्षित वर्मा भोले ने एक जून को हरिद्वार हर की पौड़ी से जल भरकर गाजियाबाद संजय नगर के शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए 151 लीटर की भारी कांवड़ उठायी थी। लगभग पैंतालीस दिनों की कठिन यात्रा के बाद हर्षित भोले मुरादनगर पहुंचे, जहाँ उनका स्वागत रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बिरेंद्र बाबू वर्मा, मोहन सिंह रावत, अशोक चांदीवाल, पार्षद कपिल वशिष्ठ, मिडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पवन शर्मा, चेतन गौड, अरूण शर्मा, मनोज कुमार वर्मा ने किया। हर्षित भोले ने 151 लीटर जल की कांवड़ का लगभग 180 किलोमीटर का सफर पैतालीस दिनों में पूरा किया है। और यह कांवड़ 22 जुलाई को संजय नगर पहुँचेगी चूंकि यह संजय नगर की पहली भारी कांवड़ है। जिस कारण इसके संजय नगर पहुँचने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा ।

### घर का ताला तोड़कर चोरी, एक गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** थाना लोनी के निठौरा रोड़ कूड़ेदान वाली गली की रहने वाली रुकसार के घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया चोरों ने बक्से को तोड़कर दो हजार रुपए सोने चांदी के जेबरात, एक गैस सिलेन्डर एक एलसीडी चोरी कर फरार हो गए। ग्रह स्वामिनी मां के घर गई थी सुबह पांच बजे अपने घर पहुंची तो घर की हालत देखकर उसके होश उड़ गए। लेकिन एक चोर का आधार कार्ड गिर गया उसके आधार पर शिकायत के बाद पुलिस ने रियान खान को गिरफ्तार कर लिया है वाकी चोरों की तलाश जारी है।

## 'प्रधानमंत्री आवास योजना को नहीं होने दिया जा रहा कामयाब'

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में ही नहीं बल्कि ऐसा लग रहा है कि पूरे जनपद गाजियाबाद में पीएम आवास योजना को वाकई में पलीता लगाया जा रहा है। लोनी में गरीब परिवारों की संख्या अधिक है। जैसे–तैसे उन्होंने छत बनाने के लिए पहले तो आफ लाइन अप्लाई किया उनका सपना था कि उन्हें प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना से छत बनाने के लिए ढाई लाख रूपए मिल जाएंगे लेकिन सारे फार्म रिजेक्ट कर दिए गए। उसके बाद ऑन लाइन करने का फरमान जारी हो गया। गरीबों ने ऑन लाइन भी करवाए हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी अब ऑन लाइन फार्म रिजेक्ट हो गए हैं। जब जिला परियोजना अधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि तहसील स्तर से रिजेक्ट किए जा रहे हैं। परियोजना अधिकारी संजय पथारिया से पत्रकारों ने बात की तो उन्होने सटीक जबाब न देकर कहा कि मेरा एक महीने बाद रिटायरमेंट होने वाला है लेकिन फिर भी मैं संयम से कार्य कर रहा हूं लेकिन अधिक जानकारी लेने पर पथारिया साहब भड़क गए। आखिर प्रधानमंत्री के मिशन की क्यों धज्जियां उडा रहे हैं अधिकारीगण। आवास योजना की धांधली कब बंद होगी यह एक बहुत बड़ा सवाल है।





## बताईए उनकी भी लग गई ड्यूटी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां कांवड़ यात्रा को लेकर तमाम तरह की तैयारियो और इसे सफल बनाने पर जोर दिया जा रहा है, पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने को लेकर एक जानकारी सामने आई है। जो चौंकाने और हैरान करने वाली है। सूत्रों ने बताया है कि मठ मंदिर में जो पुलिसकर्मियों को अलग–अलग ड्यूटी पर लगाया गया है, उसमें ऐसे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लग गई है जो कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से प्रयागराज और आगरा चले गए हैं। बताया जा रहा है कि एक टू–स्टार गिरी हैं। तो एक शर्मा जी हैं, दोनों की ड्यूटी लग गई है और दोनों यहां से रवाना भी किया जा चुके हैं। सवाल उठता है की कांवड़ यात्रा की ड्यूटी में यह फाउल किस स्तर पर और किसके द्वारा किया गया है, इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही यह है पुलिस वर्किंग में कॉपी पेस्ट का नतीजा है या फिर इसके पीछे का माजरा कुछ और है। कमिश्नरेट वाले मुख्यालय से लेकर कार्यालय तक ड्यूटी लिस्ट में कई और भी गड़बड़ी होने की शिकायत मिली हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि यहां तो बस दो नाम उजागर किए जा रहे हैं। गड़बड़ी तो कई और स्तर पर भी हुई है। उधर जिस तरीके से सोमवार को दिल्ली– हरिद्वार मार्ग पर कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने के बाद ट्रैफिक को बिना पूर्व सूचना के वन–वे कर दिया गया, उसका भी खामियाजा और नुकसान देखने को मिला है। जगह–जगह जाम लग गया, तो वाहन चालकों ने अपने मनमर्जी मार्ग पर वाहन निकाले। हालांकि देर शाम तक ट्रैफिक वाले साहब और कमिश्नरेट पुलिस ने बाकायदा इसे सोशल मीडिया पर सोमवार से लेकर आगामी कांवड़ यात्रा समाप्त होने तक का प्लान जारी कर दिया है। जिसमें एक मार्ग अब वन–वे करते हुए कांवड़ियों को दे दिया गया है। तो दूसरे मार्ग पर वाहन चलेंगे। कुल मिलाकर अभी शिवरात्रि का जलाभिषेक होना है। तो शनिवार रात से शिव भक्तों की भीड़ दिल्ली–एनसीआर के लिहाज से बढ़ाने वाली है। तो वहीं रविवार रात से लौटने वाले कांवड़ियों के जत्थे बढ़ जाएंगे। हर घंटे में हजारों की संख्या में कांवड़िया दिल्ली–हरियाणा और एनसीआर के अलग–अलग गांवों के लिए दौड़ेंगे। तो डाक कांवड़ आने के बाद स्थिति और भी बड़ी हो जाएगी। ऐसे में पुलिस के अधिकारियों को संयम और मजबूत सुरक्षा के साथ पूरा आयोजन करवाना है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि शहर के सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध मंदिर में भी सोमवार को ना तो जोन वाले साहब पहुंचे और ना ही एडिशनल वाले साहब, कुल मिलाकर एसीपी स्तर और 500 से अधिक पुलिसकर्मियों के जोश पर ही पहला सोमवार पूरा किया गया।



## त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण का कार्य सम्पादन के लिए समय सारिणी जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद गाजियाबाद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० द्वारा निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित किया जायेगा। किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही। बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण। उपर्युक्त दोनो कार्यवाही पृथक–पृथक तथा समानान्तर चलेगी। 18 जुलाई, 2025 से 13 अगस्त, 2025 तक बी0एल0ओ0 द्वारा घर–घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे।) 14 अगस्त,2025 से 29 सितम्बर, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि। 14 अगस्त,2025 से 22 सितम्बर, 2025 तक। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर–घर जाकर जाँच करने की अवधि। 23 सितम्बर, 2025 से 29 सितम्बर, 2025 तक। निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि। 30 सितम्बर, 2025 से 06 अक्टूबर, 2025 तक। ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना। (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) 07 अक्टूबर, 2025 से 24 नवम्बर, 2025 तक। निर्वाचक नामावलियें के कम्प्यूटीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता सुची की डाउनलोडिग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि। 25 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 तक। अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन। 05 दिसम्बर, 2025 आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण। 06 दिसम्बर, 2025 से 12 दिसम्बर, 2025 तक। दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किए जाएगें) 06 दिसम्बर, 2025 से 12 दिसम्बर, 2025 तक। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण। 13 दिसम्बर, 2025 से 19 दिसम्बर, 2025 तक। दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि। 20 दिसम्बर, 2025 से 23 दिसम्बर, 2025 तक। दावे और आपत्तियों के निस्तारणके उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही। 24 दिसम्बर, 2025 से 8 जनवरी, 2026 तक। पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैमिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि। 09 जनवरी, 2026 से 14 जनवरी, 2026 तक। निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन। 15 जनवरी, 2026 । निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करायेगें तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगें तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ायी जाएगी।



### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत

**लोनी, करंट क्राइम।** थाना ट्रॉनिका सिटी इलाके की पावी पुस्ता चौकी के सामने बडौत रोडवेज बस की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी सिधार्थ गौतम ने बताया कि रोडबेज बस बडौत से दिल्ली जा रही थी जैसे ही वह पावी पुस्ता चौकी के सामने पहुंची बस के आगे मोहम्मद नदीम 20 पुत्र बबलू आ गया बस का चालक अनयंत्रित हो गया और नदीम के जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नदीम मूलरुप से अमरोहा का रहने वाला था और वह पावी में किराए के मकान में रह रहा था और कवाडी का काम कर जीबन यापन चला रहा था उसका पिता बबलू उसके साथ ही रह रहा है । फिलहाल नदीम के शव को बिच्छेदन ग्रह भेज दिया है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता का प्यार अपनी संतान के लिए सबसे अलग होता है। पिता अपने पुत्र के लिए हमेशा अपने से ज्यादा कामयाबी और अपने से ज्यादा खुशी चाहता है। संदीप कुमार ने अपने बेटे यशवर्धन त्यागी के जन्मदिन पर उसके लिए दुनिया की सभी खुशियों की कामना की। संदीप कुमार ने अपने बेटे यशवर्धन त्यागी के जन्मदिन की खुशी को सोशल मीडिया पर साझा किया। यशवर्धन त्यागी के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वांग यी के साथ बैठक में बोले जयशंकर- भारत और चीन के संबंध दुनिया के लिए अहम, सीमा पर कम हुआ तनाव



**विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के दौरे पर हैं। अपने चीनी समकक्ष वांग के साथ बैठक के दौरान अपने शुरूआती वक्तव्य में जयशंकर ने कहा, आज हमारी बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। कल हम शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रारूप में मिलेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य आतंकवाद अलगाववाद और चरमपंथ से लड़ना है**

**बीजिंग ।** यह हम सभी की साझा चिंता है और भारत को उम्मीद है कि आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को मजबूती से अपनाया जाएगा। विदेश मंत्री के रूप में आप (वांग यी) लंबे समय से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए जिम्मेदार रहे हैं। मुझे इस समय हमारे संबंधों की स्थिति पर चर्चा करने पर खुशी हो रही है, विशेषकर ऐसे समय में जब दुनिया में बड़े बदलाव हो रहे हैं। मैं रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता हूं।

जयशंकर ने आगे कहा, पिछले नौ महीनों में हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में अच्छा प्रगति की है। यह सीमा पर तनाव के समाधान और वहां शांति बनाए रखने की हमारी क्षमता का परिणाम है। यही पारस्परिक रणनीतिक विश्वास और संबंधों के सहज विकास की बुनियाद है। अब जरूरी है कि हम सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दें, जिनमें तनाव कम करना भी शामिल है।

जयशंकर ने आगे कहा, पिछले नौ महीनों में हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में अच्छा प्रगति की है। यह सीमा पर तनाव के समाधान और वहां शांति बनाए रखने की हमारी क्षमता का परिणाम है। यही पारस्परिक रणनीतिक विश्वास और संबंधों के सहज विकास की बुनियाद है। अब जरूरी है कि हम सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दें, जिनमें तनाव कम करना भी शामिल है।

कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे

जयशंकर ने चीनी पक्ष को एससीओ की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, हम कल फिर मिलेंगे और भारत अच्छे परिणाम और फैसलों के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हमें दूरदर्शिता अपनाने की जरूरत है। अक्तूबर 2024 में कजान में हमारे नेताओं की बैठक के बाद भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में बढ़े हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि इस रफ्तार को बनाए रखें।

उन्होंने कहा, हाल के समय में हमने कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में मिलकर संवाद किया है। उम्मीद है कि अब यह नियमित रूप से एक-दूसरे के देशों में होगा।

# शारजाह में अनुष्ठान के दौरान घर में लगी आग, भारतीय मूल की महिला की मौत




**शाहजाह ।** संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में घर में आग लगने से एक भारतीय मूल की महिला की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, महिला गुरुवार की रात अपने अपार्टमेंट में कोई विशेष अनुष्ठान कर रही थी, इसी दौरान आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना शारजाह के अल मजाज इलाके की है, जब एक 11 मंजिला इमारत के आठवें तल पर स्थित अपार्टमेंट में भारतीय मूल की महिला कोई अनुष्ठान कर रही थी। इसी दौरान गलती से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

शारजाह में ही एक अन्य भारतीय मूल की महिला ने की आत्महत्या वहीं एक अन्य घटना में शारजाह में ही अल नाहदा इलाके में भारतीय मूल की महिला और उसकी नवजात बच्ची अपने घर में मृत पाए गए हैं। महिला केरल के कोल्लम से ताल्लुक रखती थी और दो साल पहले ही संयुक्त अरब अमीरात गई थी। महिला अपने पति के साथ यूएई गई थी, लेकिन पति से झगड़े के चलते बीते कुछ महीनों से अलग रह रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला है कि नवजात बच्ची की दम घुटने से मौत हुई। ऐसे में माना जा रहा है कि महिला ने पहले बच्ची की तकिये से दम घोंटकर हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

# टेक्सास में भारी बारिश से तबाही, रोकना पड़ा बचाव और राहत अभियान, लोगों को घर खाली करने के आदेश



**केरविले ।** टेक्सास में भारी बारिश ने तबाही मचाई है। लगातार हो रही बारिश के चलते बचाव और राहत अभियान को रोकना पड़ा है। इसके अलावा तमाम मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं लोगों को मकान खाली करने के आदेश दिए गए हैं। अमेरिका के मध्य टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई अचानक बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के चलते अब तक 132 लोगों की मौत हो चुकी है। अफसरों का कहना है कि अकेले केर काउंटी में 160 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हो सकते हैं और आसपास के इलाकों में 10 और लोग लापता हो सकते हैं। रविवार आधी रात के बाद अधिकारियों ने कुछ घरों में घर-घर जाकर लोगों को सचेत किया कि बाढ़ फिर से आ सकती है। अधिकारियों ने इलाके के लोगों को फोन पर भी अलर्ट भेजा। रविवार दोपहर बाद केर काउंटी शेरिफ कार्यालय ने घोषणा की कि काउंटी के पश्चिमी हिस्से में खोज दल अपना काम फिर से शुरू कर सकते हैं। लेकिन स्थानीय गैर-लाभकारी संस्था हिल कंट्री कम्युनिटी एक्शन एसोसिएशन की सीईओ एशले जॉनसन ने बताया कि सैन सबा काउंटी में बाढ़ ने लगभग 100 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और मवेशियों के लिए लगाई गई अनगिनत बाड़ें गिरा दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समुदाय में आप जो कुछ भी सोच सकते हैं, वह सब नष्ट हो गया। घरों को पहुंचा भारी नुकसान गवर्नर ग्रेग एबॉट ने एक्स पर लिखा कि सैन सबा, लैम्पासस और ब्लेचर काउंटियों में बचाव कार्य जारी है और कुछ अन्य काउंटियों में लोगों को निकालने का काम चल रहा है। एबॉट ने बताया कि टेक्सास टास्क फोर्स वन ने लैम्पासस क्षेत्र में दर्जनों लोगों को बचाया है। काउंटी अधिकारियों ने सैन सबा नदी के पास बाढ़ प्रभावित इलाके में रहने वाले सभी लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया है। जॉनसन ने बताया कि लोगों को सैन सबा सिविक सेंटर ले जाया जा रहा है। हर कोई किसी न किसी तरह से बाढ़ से प्रभावित है। हर कोई अपने पड़ोसियों की मदद के लिए जो कुछ भी कर सकता है, वह कर रहा है। केरविले निवासियों को पुलिस से सहायता मिली, अलर्ट रविवार को भारी बारिश के बीच मैथ्यू स्टोन केरविले में ग्वाडालूप स्ट्रीट पर स्थित अपने घर के सामने सीवर से टहनियां और लकड़ी साफ कर रहे थे।

# पीएम नेतन्याहू के पूर्व सहयोगी पर चल सकता है आपराधिक मामला



**यरूशलम ।** इस्राइल के अटॉर्नी जनरल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक करीबी सलाहकार पर आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है। उन पर देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से गुप्त जानकारी लीक करने का आरोप है। इस संबंध में सलाहकार को सूचित किया गया है।

इस्राइल में यह मामला कतरगेट के नाम से मशहूर है। एक प्रमुख व्यक्ति से जुड़ा यह घटनाक्रम तब सामने आया, जब पुलिस ने इस साल की शुरूआत में सलाहकार जोनाथन उरीच और पूर्व प्रवक्ता एली फेल्डस्टीन को गिरफ्तार किया था। उन पर शक है कि उन्होंने कतर से पैसे लिए, ताकि इस्राइल में खाड़ी अरब देश की सकारात्मक छवि दिखाई जा सके।

फेल्डस्टीन पर जर्मन टैब्लॉइड को गोपनीय जानकारी लीक करने का भी आरोप फेल्डस्टीन पर एक जर्मन टैब्लॉइड को गोपनीय जानकारी लीक करने से जुड़े एक अलग मामले में भी अभियोग लगाया गया है। रविवार के बयान में कहा गया है कि उरीच पर उस मामले में आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है।

उरीच और फेल्डस्टीन पर सैन्य जानकारी लीक करने का आरोप अटॉर्नी जनरल के बयान में कहा गया है कि उरीच और फेल्डस्टीन ने मिलकर अत्यधिक गोपनीय इस्राइली सैन्य जानकारी को लीक किया। बयान में कहा गया है कि इस जानकारी को सार्वजनिक करने का मकसद अन्य बातों के अलावा, प्रधानमंत्री के बारे में लोगों की सोच को बदलान और गाजा में हुई बंधकों की हत्या के बाद चल रही चर्चा को दूसरी दिशा में ले जाना था। बयान में कहा गया है कि उरीच के खिलाफ आपराधिक मुकदमा सुनवाई के अधीन है। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि मुकदमा कब शुरू होगा।

पीएम के कार्यालय से नहीं आई कोई तत्काल प्रतिक्रिया पीएम नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से इस पर तत्काल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। वे खुद भी एक घोटाले में फंसे हुए हैं, और गाजा में 21 महीने से चल रहे युद्ध को लेकर इस्राइली जनता के दबाव का सामना कर रहे हैं।

### कतर को हमास का संरक्षक मानता है इस्राइल

कतरगेट मामले में, उरीच और फेल्डस्टीन को इस साल की शुरूआत में कतर से धन लेने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। इस्राइल कतर को हमास का संरक्षक मानता है। वहीं, कतर गाजा के लिए अप्रत्यक्ष युद्धविराम वार्ता में एक प्रमुख मध्यस्थ है।

# भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पर बड़ी कार्रवाई




**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहीं पूर्व पीएम शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बड़ी कार्रवाई है। डब्ल्यूएचओ ने साइमा वाजेद को छुट्टी पर भेज दिया है। साइमा डब्ल्यूएचओ में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक हैं।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की क्षेत्रीय निदेशक एसईएआरओ साइमा वाजेद फिलहाल छुट्टी पर हैं। इस अवधि के दौरान डॉ. कैथरीना बोहेम प्रभारी अधिकारी के रूप में काम करेंगी। डब्ल्यूएचओ ने साइमा वाजेद को छुट्टी पर भेजने कारण स्पष्ट नहीं किया। संगठन ने बस इतना कहा कि इस समय हमारे पास इस पर और कोई टिप्पणी नहीं है। डॉ. कैथरीना बोहेम के 15 जुलाई को नई दिल्ली स्थित डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ कार्यालय पहुंचने की उम्मीद है।

डब्ल्यूएचओ की कार्रवाई के बाद बांग्लादेश के अंतरिम सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि हम धोखाधड़ी, जालसाजी और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोपों की चल रही जांच के बीच साइमा वाजेद को अनिश्चितकालीन छुट्टी पर भेजने के विश्व स्वास्थ्य संगठन के कथित फैसले का स्वागत करते हैं। हम इसे जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम मानते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि एक स्थायी समाधान आवश्यक है, जो वाजेद को उनके पद से हटा दे। सभी संबंधित विशेषाधिकारों को रद्द कर दे और इस प्रतिष्ठित भूमिका की अखंडता तथा समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र प्रणाली की विश्वसनीयता को बहाल कर दे।

# अपहरण, लूट और फिर छिड़ी दो गुटों में जंग, सीरिया में एक छोटे से टकराव ने ली 30 की जान, सेना तैनात



**सीरिया के दक्षिणी स्वैदा प्रांत में ड्रूज धार्मिक अल्पसंख्यक की मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने एक बार फिर देश में अस्थिरता को उजागर कर दिया है। इन झड़पों में अब तक 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 100 लोग घायल हुए हैं**

**दमिश्क ।** स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सेना और आंतरिक मंत्रालय की टीमें मौके पर भेजी हैं।

यूके स्थित वॉर मॉनिटर 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के मुताबिक, झड़पों की शुरूआत तब हुई जब एक ड्रूज सब्जी विक्रेता को एक बेदुइन कबीले ने अपहरण कर लूट लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक के बाद एक अपहरण और जवाबी हमले शुरू हो गए। यही हिंसा अब बड़े संघर्ष में बदल गई है।

अब तक 37 की मौत, बच्चों की भी जान गई रिपोर्ट के अनुसार, इन झड़पों में कम से कम 37 लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। झड़पों में कई लोग घायल भी हुए हैं और स्थानीय अस्पतालों में इलाज जारी है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए सेना की टुकड़ियों को सुरक्षा चौकियों पर तैनात किया गया है।

सीरिया के गृह मंत्रालय ने इस हिंसा को ह्यखतरनाक स्थितिह्न बताया है। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की अनुपस्थिति के कारण हालात बिगड़े हैं और आम लोग इसे नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। सरकार अब स्थिति को शांत करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। ड्रूज समुदाय सीरिया में एक धार्मिक अल्पसंख्यक है जिसकी जड़ें 10वीं सदी के इस्माइली शाखा से जुड़ी हैं। ये समुदाय मुख्य रूप से स्वैदा प्रांत और दमिश्क के दक्षिणी उपनगरों में रहता है। बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद से ड्रूज गुटों ने अपने हथियारबंद समूह बनाए और नई सरकार को लेकर अब भी उनमें गहरा संशय है। 14 साल की जंग के बाद भी शांति दूर सीरिया में लगभग 14 वर्षों से जारी गृहयुद्ध ने समाज को कई हिस्सों में बांट दिया है। ड्रूज गुट जहां नई सरकार के साथ एकीकरण को लेकर बंटे हुए हैं, वहीं बेदुइन कबीलों के साथ उनका टकराव नई समस्या बनकर उभरा है। इस झड़प ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सीरिया में स्थायी शांति अभी भी एक दूर की कौड़ी है।

# आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला कल कैलिफोर्निया में एक्सिओम-4 का स्पलैशडाउन



**नई दिल्ली ।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्क्र) पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। इस कड़ी में आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है। यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है।

शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं और अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग शाम करीब 4:50 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ है। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22.5 घंटे की यात्रा के बाद यानी मंगलवार दोपहर 3:01 बजे क्रळ पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और उसमें किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी। स्पेसक्राफ्ट की वापसी प्रक्रिया ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से अलग होने के बाद कुछ इंजिन बर्न करेगा ताकि वह खुद को स्टेशन से सुरक्षित दूरी पर ले जा सके। इसके बाद वह पृथ्वी के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करेगा। इस दौरान उसका तापमान 1,600 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दो चरणों में पैराशूट खुलेंगे पहले 5.7 किमी की ऊंचाई पर स्टेबलाइजिंग चूट्स और फिर लगभग दो किमी पर मेन पैराशूट खुलेंगे, जिससे स्पेसक्राफ्ट की सुरक्षित लैंडिंग संभव होगी।

जितेंद्र सिंह बोले- शुभांशु आपका स्वागत है वहीं स्पेसक्राफ्ट की अनडॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- शुभांशु, आपका स्वागत है! पूरा देश आपके घर वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है... क्योंकि एक्सिओम-4 को सफलतापूर्वक अनडॉक करने के बाद आप अपनी वापसी यात्रा शुरू कर रहे हैं।

### विदाई समारोह में क्या बोले शुक्ला

रविवार को आएसएस पर एक्सपीडिशन-73 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक्सिओम-4 मिशन दल के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। इस मौके पर शुभांशु शुक्ला ने कहा कि जल्दी ही धरती पर मुलाकात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस यात्रा की शुरूआत में इतना कुछ अनुभव होगा, इसकी कल्पना नहीं थी। यह यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय रही।

शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से भारत की तस्वीर पर बात करते हुए कहा कि साल 1984 में राकेश शर्मा ने जो भारत देखा, उसके बाद अब हम देख रहे हैं कि आज का भारत महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा हुआ दिखता है। यही कारण है कि मैं आज भी कह सकता हूं।

# केंटकी के चर्च में गोलीबारी के बाद दो महिलाओं की मौत, संदिग्ध हमलावर ढेर



**लेक्सिंगटन ।** अमेरिका में केंटकी की एक चर्च में रविवार को गोलीबारी हुई। घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि एक संदिग्ध ने पहले राज्य पुलिसकर्मी को गोली मारकर घायल कर दिया। बाद में, वह पास के एक चर्च में भाग गया और दूसरी गोलीबारी में और लोगों को घायल कर दिया। केंटकी राज्य पुलिस ने सोशल मीडिया पर बताया कि संदिग्ध भी मारा जा चुका है और गोलीबारी की यह घटना समाप्त हो गई है।

लेक्सिंगटन के पुलिस प्रमुख लॉरेंस वेदर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह घटना लेक्सिंगटन शहर के पास फेयेट काउंटी में सुबह 11:36 बजे हुई। उन्होंने बताया कि एक पुलिसकर्मी ने हवाई अड्डे के पास एक वाहन को रोका। इस दौरान संदिग्ध ने पुलिसकर्मी को गोली मार दी और एक वाहन को लूटने के बाद भागकर रिचमंड रोड बैपटिस्ट चर्च में पहुंच गया। वेदर्स ने बताया कि संदिग्ध ने वहां दोबारा गोलीबारी शुरू की और कई लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बाद में लेक्सिंगटन पुलिस ने संदिग्ध को मार गिराया। हालांकि, पुलिस ने संदिग्ध की मौत के बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी।

घायलों का पास के अस्पताल में चल रहा इलाजः केंटकी गवर्नरकेंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चर्च में हुई गोलीबारी में कई लोग घायल हुए हैं। गवर्नर ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी और अन्य लोगों का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि किसकी हालत कितनी गंभीर है। अन्य विवरण अभी सामने आ रहे हैं।

गवर्नर की लोगों से अपील- हिंसक घटना से प्रभावितों के लिए प्रार्थना करें अपील की है कि वे इस हिंसक घटना से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना करें। साथ ही लेक्सिंगटन पुलिस विभाग और केंटकी राज्य पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए उनको धन्यवाद दें।

# महावीर पार्क साहिबाबाद में आयोजित किया गया पौधरोपण कार्यक्रम





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सिविल डिफेंस हिंडन गाजियाबाद के द्वारा सोमवार को चीफ वार्डन ललित जायसवाल, डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप के नेतृत्व मे एडीसी गुलाम नबी, डिविजनल वार्डन साहिबाबाद ए के जैन, डिविजनल वार्डन राजेन्द्र नगर ए के ठाकुर के देखरेख में वृहद पौधरोपण महावीर पार्क शालीमार गार्डन 2, साहिबाबाद में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी साहिबाबाद योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। जिसमें आम, इमली, बेलपत्र, आंवला, जामुन एवं अन्य फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने कहा कि सभी लोग एक एक पौधा लगाएं और उसकी देखरेख भी करें। जिसमें मुख्य रूप से चीफ वार्डन ललित जायसवाल,एडीसी गुलाम नबी, डिविजनल वार्डन ए के ठाकुर, ए के जैन, डिप्टी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार, मंजूर हसन, घटना नियंत्रण अधिकारी नीतीश सिंह,जुगेंद्र सिंह, विनोद शर्मा, गुलाम रसूल, विनय सिंह, सतवीर सिंह, अनिल सिंह, अनिल तिवारी, अरुण कुमार, श्री प्रकाश,आशिक अली, रविन्द्र कुमार, जितेंद्र मिश्रा, सुनील ठाकुर, किशोरी कुमार, नागेंद्र सामल, इंतजार राणा, अरविन्द मिश्रा, साद सैफी और अन्य वार्डन उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज होने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में मुकदमा दर्ज हो जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक ज्ञापन भेजा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ मामला को निरस्त करने की गुजारिश की गई। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में काशी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है।

यह एक ऐसा पवित्र स्थान है जो प्रदेश ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के लोगों की की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। काशी जैसे धार्मिक मान्यता वाले शहर में आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय प्रदर्शन कर रहे थे। बीजेपी की डबल इंजन सरकार को यह रास नहीं आई। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जब कार्य नहीं किया जाएगा तो विपक्षी दलों को आईना दिखाने का अधिकार है। प्रदेश अध्यक्ष के विरोध के बाद 10 जुलाई को उनके और शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस अन्याय पूर्ण और अलोकतांत्रिक कार्रवाई का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज मामले को तुरंत वापस लेना चाहिए। इस मौके पर अजय शर्मा, अशोक तोमर, लज्जा यादव, बीके, हाजी खुर्शीद, बाबूराम शर्मा आदि उपस्थित थे।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस वक्त एक बड़े जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि कुछ ज्यादा ही कर रहे है पॉवर फील? सुना है उन्होंने अपने अनुसार मामले को करना शुरू कर दिया है डील? जो लैटर उन्होंने अपने नाम के छपवाये हैं? उसमें हमको एक बात नहीं लग रही है फाईन? जब उनका दायित्व सरकारी नहीं है? तो फिर उन्होंने क्यों लगा लिया है अशोक स्तंभ का साईन? हमें पता है अगर वो ऐसा कर रहे हैं तो वो ले रहे हें कानून को अपने हाथ? हम खुद से इस बात को नहीं कह रहे हैं? बडे.जनप्रतिनिधि के खेमे में प्रतिनिधि के इस लैटर की चर्चा हो रही थी साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पार्षद पूरी प्रवीणता के करा रहे हैं अपने मौहल्ले में विकास? मगर हमें पता चला है कि मौहल्ले की बिल्डिंग में एक लटका हुआ बैनर बना हुआ है उनकी आंखों की फांस? उस निमार्णाधीन बिल्डिंग पर लगे बैनर पर हो रहे हैं एक मैडम पार्षद के दीदार? या तो ये बिल्डिंग मैडम पार्षद की बन रही है? या फिर बिल्डिंग बनाने वाला मैडम पार्षद को बना रहा है अपने कन्सट्रक्शन का हथियार? सुना है भाटी जी भी दूर करना चाहते हैं इस मामले में अपने डाउट? उनके दिमाग में एक ये भी योजना चल रही है कि भविष्य में कोई करना तो नहीं चाहता है उनको आउट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात भगवा झा को खल रही है? वो कह रहे हैं मंडलों में जो घोषणा हुई है उनमें पार्षदों की चल रही है? भगवा झा संगठन के कार्यों को देते हैं मजबूती से अंजाम? वो चाहते हैं संगठन की टीम में संगठन वालों का ही दखल रहे श्रीमान? इसलिए खल रही है उनको पार्षद के दखल की बात? वैसे भी वो चूकते नहीं है जब प्रकट करने होते हैं जज्बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रहलाद वाली गढ़ी में देना होगा मैम्बर शर्मा जी को बारीकी से ध्यान? हमें पता चला है कोई उनका खास चेहरा यहां से बना रहा है उगाही का प्लान? ठेली वालों के बीच में से निकल कर आ रही है बात? वो कह रहे हैं ये चेहरा मैम्बर साहब का नाम कर रहा है खराब? हमारे मैम्बर साहब हैं बहुत शानदार? वो ऐसे चेहरे पर बारीकी से ध्यान दें? क्योंकि ये चेहरा उनका औरा रहा है बिगाड़?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं हाथ वालों के दिल की बात? वो कह रहे हैं हमारे पूर्व अध्यक्ष तो वैसे भी पार्टी के लिए सहयोग नहीं कर रहे? मगर जब देखते हैं हम उनके भाई का प्रोफाईल? तब हमारे दिल पर छुरियां चलती हैं साहब? पूर्व अध्यक्ष का भाई अपनी डीपी में माननीय जी को देता है स्थान? वो माननीय जी का करता है दिल से गुणगान? जब भी हम उनके इस लगाव को देखते हैं तब हो जाते हैं परेशान? हमें पता है माननीय जी का है इस परिवार पर विशेष आशीर्वाद? मगर डीपी में अगर भगवा वालों के फोटो लगेंगे तो फिर कैसे कहेंगे हम राहुल भैया जिंदाबाद?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात मैं कर रहा हूं आपको अंदरखाने मैशन? भगवा रंजन भैया ने दी हुई है चाबी खोने वाले त्यागी जी को टेंशन? हमें पता चला है भगवा योद्धा के दिल में मजबूती से उभरा है मिस्टर रंजन का किरदार? भगवा योद्धा भी इस चेहरे को अपनी टीम में लेने का बना रहे हैं विचार? शायद चाबी वाले त्यागी जी को भी लग गई है इस बात की जानकारी? हम देख रहे थे जब दोनों एक साथ पार्टी कार्यालय पर मौजूद थे? तब एक दूसरे को देखकर दोनों के चेहरे हो रहे थे भारी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा का है सभी को ये पैगाम? वो संगठन के अलावा नहीं रखते हैं किसी भी व्यक्तिगत विषय पर ध्यान? कहने वाले ने कहा बनाने वाले नदिया पार के भगवा वीरू कमिश्नर को लेकर बना रहे हैं कुछ अलग ही माहौल? दे रहे हों जैसे संदेश कि यहां पर भगवा योद्धा निभा रहे हैं नेगेटिव रोल? जबकि इसके उलट है सारी बात? भगवा योद्धा ने वीरू को फ्री छोड़ा हुआ है? क्योंकि वो पार्टी के कार्यकताओं का दिल नहीं तोड़ना चाहते हैं साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कार्यकारिणी चुनाव में कोई अंदर आयेगा कोई बाहर जायेगा? किसी को होगी खुशी तो किसी को होगा कष्ट? मगर हमें पता चला है इस चुनाव को लेकर ताकतवर विधायक को लेकर हैं पूरी तरह स्पष्ट? मैडम दे रही हैं अपनों में संदेश? मुराद पूरी करने वाले ये विधायक हर मामले में नहीं लाते हैं अपना फेस? छोड़ देते हैं ये कई मुद्दों पर सामने वालों पर बात? कहने वाले ने कहा विधायक जी का यही अंदाज ताकतवर मैडम को लगता है खास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी आने वाली संगठन की घोषणा पर नजरें हैं बहुत ही बारीक? भले ही मिस्टर सिसौदिया, भगवा योद्धा के साथ लगातार भ्रमण कर रहे हों? मगर भगवा योद्धा पूरे बल से कर रहे हैं आजकल रावल जी की तारीफ? वो अक्सर करते रहते हैं उनकी कर्मठता का गुणगान? कहते हैं इन्होंने अपनी मेहनत से स्थापित की है पहचान? सुना है योद्धा के लिए बल वाले राम भी छोड़ चुके हैं अपना घर और बार? हमें ऐसा लगता है कि संगठन की घोषणा में वो इन्हीं के नाम पर करेंगे विचार? आखिर ये ही वो चेहरा है जिसने एक ताकतवर वैश्य चेहरे के सामने कभी नहीं डाले थे हथियार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम चाहते हैं कि संजय नगर वाली रामलीला का सुलझ जाये मैटर? हमने देखा यहां पर चौधरी साहब ने इस्तीफा देकर अपनी तरफ से प्रयास किया बैटर? मगर उनका ये इस्तीफा कुछ चेहरों को नहीं हुआ बर्दाशत? उन्होंने कहा चौधरी साहब, इस पद को तो सुशोभित करेंगे आप? इसके बाद फिर किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दी कुछ दोबारा टेस्ट करने वाली लाईन? कहने वाले ने कहा इस लाईन के बाद लग नहीं रहा कि मामला होगा फाईन? अभी तो लगता है कमेटी की जंग रहेगी जारी? रामलीला के मंच पर हो रही है महाभारत करने की तैयारी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# वैशाली नहर रोड पर कांवड़ यात्री शिविर शुरू : 24 घंटे खुला रहेगा, भोजन-विश्राम और दवाओं की मुफ्त व्यवस्था





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्रावण मास की शुरूआत के साथ वैशाली नहर रोड पर कांवड़ यात्रियों के लिए विशेष शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उद्घाटन किया। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि शिव कांवड़ सेवा संघ मकनपुर,इंदिरापुरम वैशाली कांवड़ सेवा शिविर का 30वां शिविर लगाया गया है। शिविर में कांवड़ यात्रियों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यात्रियों के रात्रि विश्राम के लिए तख्त की व्यवस्था की गई है। भोजन और चाय-नाश्ते की नि:शुल्क सेवा दी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों को दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह शिविर दिन-रात चौबीसों घंटे संचालित रहेगा।

उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा में कोई कमी न आने देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा है। शिविर और आस-पास के क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित रूप से सफाई कराई जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, पार्षद हरीश कडाकोटी, पूर्व पार्षद अनिता त्यागी, सलेक त्यागी, विनय त्यागी, विनय, नरेंद्र, अंकुर त्यागी,सतीश कसाना, जय श्री सिन्हा, सोमदत्त त्यागी, रविन्द्र तिवारी, हेमंत वाजपेई, प्रशांत राघव, स्वाति चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## शुभकामना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद एसपी सिंह ने देश के यशस्वी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं एवं उनसे आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर साथ में पूर्व पार्षद कुसुम सिंह भी उपस्थित रहीं।

# अनंगपुर गांव में हो रही तोड़फोड़ पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जताई गहरी चिंता

## मुख्यमंत्री हरियाणा को पत्र लिखकर की हस्तक्षेप की मांग



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने फरीदाबाद के ऐतिहासिक अनंगपुर गाँव में चल रही तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस विषय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप कर कार्रवाई पर रोक लगाने, प्रभावित ग्रामीणों को अंतरिम राहत देने एवं पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की है।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पत्र में उल्लेख किया कि अनंगपुर गांव 8वीं शताब्दी में राजा अनंगपाल तोमर द्वारा बसाया गया था और यह हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि वन अधिनियम और न्यायालय के आदेशों की आड़ में ऐतिहासिक गांवों को उजाड़ना न्यायसंगत नहीं है।

## जनसुनवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान एडीएम सिटी विकास कश्यप भी उपस्थित रहे।

# 'जनसंख्या नियंत्रण कानून आज के समय मांग ताकि भविष्य रहे सुरक्षित'

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने जिलाधिकारी के माध्यम से पीएमओ को सौंपा ज्ञापन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक विशेष वर्ग द्वारा जनसंख्या बढ़ाकर जनसंख्या जिहाद के रूप में कार्य किया जा रहा है जिससे जनसंख्या संतुलन की स्थिति पैदा हो रही है जो कि आने वाले समय में समाज के लिए खतरे की घंटी है। इसी के साथ धरती पर हर चीज निश्चित मात्रा में है अत्यधिक दबाव के कारण प्राकृतिक संतुलन भी बिगड़ रहा है। अगर इस स्थिति को रोका नागया तो परिणाम बहुत भयंकर होंगे।

आज विश्व जनसंख्या दिवस पर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करके जिलाधिकारी के माध्यम से पीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें महानगर अध्यक्ष रिंकू त्यागी ने कहा कि इस कानून बनना अत्यधिक आवश्यक है। यह समय की मांग है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी से नरेंद्र त्यागी, महेश आहूजा, श्याम सुंदर त्यागी, वंदना त्यागी, हेमा शारदा, हरेंद्र मिश्र, रीना त्यागी, सुनील तिवारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## डीएम का औचक निरीक्षण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित कांवड़ यात्रा के लिए बनाये गए कंट्रोल रूप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व एडीएम जे. अंजुम बी. सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ शिप्रा सनसिटी ने जरूरतमंदों को किया छाता वितरण



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब आफ शिप्रा सनसिटी ने सोमवार को शिप्रा सनसिटी में छाता वितरण का किया गया। इस अवसर पर 100 जरुरतमंद लोगों को छाते दिए गए। क्लब के प्रधान आकाश शर्मा ने बताया की शिप्रा सनसिटी रोटरी क्लब द्वारा ये प्रथम बार छाता वितरण का कार्य किया गया है, और इस तरह के कार्य जो सोसाइटी एवं शिप्रा सनसिटी की जनता के लिए हित के लिए आगे भी किये जाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर क्लब के सचिव गोपाल शर्मा एवं क्लब मन्टोर सुरेंद्र शर्मा ने बताया की क्लब द्वारा शहर में समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में शिप्रा सनसिटी सोसाइटी एओए फेज -2 के पदाधिकारी विजय पाल मलिक, राकेश गंगवार शामिल रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आकर अपार शांति का अनुभव होता है : डॉ. एम चुबा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. एम चुबा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी और दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री नागालैंड सरकार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कविनगर गाजियाबाद आश्रम पहुंचे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुतीश बहन और राजयोगिनी राजेश बहन ने बुके, पटके व लक्ष्मी नारायण के चित्र से सभी का अभिनंदन किया। आश्रम के द्वारा की जाने वाली ईश्वरीय सेवा से अवगत कराया। बाद में सभी को रखी बांधी कर रक्षा बंधन का आध्यात्मिक अर्थ बतलाया। डॉ. चुबा ने कहा यहां आकर अपार शांति का अनुभव होता है। मन बार बार यहां आने का होता है। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि महानगर गाजियाबाद विनीत शर्मा, मण्डल महामंत्री अभिजीत मुखर्जी, मण्डल महामंत्री मनोज गिरि, मण्डल उपाध्यक्ष श्रीचंद चौहान, भारत त्यागी, नितिन शर्मा, राजीव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।